MOTION

Urging upon the Government to modify the Action Taken Report on the Justice Nanavati Commission of Inquiry and calls upon the Government to take action against the persons indicated by the aforesaid Commission

श्री राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश): श्रीमन्, नानावती कमीशन की रिपोर्ट और ए॰टी॰आर॰ पर चर्चा प्रारंभ किए जाने के नियम 168 के तहत मैं मोशन मूव करता हूं:

"That this House urges upon the Government to modify the Action Taken Report and calls upon the Prime Minister to take immediate action against persons indicted by the Commission."

श्रीमन्, जिस विषय पर मैं चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूं, वह कोई सामान्य विषय नहीं है। हम सभी जानते हैं कि आज़ाद भारत में, भारत की राजधानी दिल्ली में जिस प्रकार की बर्बरता हुई है और केशधारियों के ऊपर हमले हुए हैं, मैं समझता हूं कि आज़ाद भारत की यह अपने में एक मिसाल है। यह कोई राजनीति का भी विषय नहीं है। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि सचमुच इस सरकार की विश्वसनीयता का प्रश्न है...(व्यवधान)...

श्री सभापति: शांति से सुनिए। गुजरात पर भी बातें हो जाएंगी।

श्री राजनाथ सिंह: गुजरात की रिपोर्ट आएगी, तो उस पर चर्चा कर लेंगे।...(व्यवधान)... यह संसदीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता का एक प्रश्न है, इसीलिए मैं यह कह रहा हूं कि यह विषय, जिस पर चर्चा करने के लिए हम खड़े हुए हैं, निश्चित रूप से ही बहुत गंभीर है। जब दिल्ली में हुई इस बर्बरता पर हम नज़र डालते हैं, तो हम देखते हैं कि या तो 1739 में नादिरशाह के द्वारा दिल्ली में इस प्रकार की बर्बरता की गई थी, अथवा उसके बाद, 1984 में इस प्रकार की बर्बरता और इस प्रकार का नरसंहार, भारत की राजधानी दिल्ली में देखने को मिला है। नानावती कमीशन की रिपोर्ट आ चुकी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि जो रिपोर्ट आई है, वह 21 वर्ष के बाद आई है ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: माननीय सदस्य, एक बात मैं आपको बता हूं कि आपकी पार्टी को 42 मिनट का टाइम दिया गया है। अगर और माननीय सदस्य बोलना चाहें, तो उनके लिए टाइम छोड़ दीजिएगा।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन् जो उस समय पैदा नहीं हुए होंगे या जो बाद में हुए, वे आज युवा हो चुके हैं, और जो उस समय युवा हो चुके थे, आज वे वृद्धा अवस्था की दहलीज पर खड़े हुए हैं। किसी भी व्यक्ति के साथ कोई अत्याचार होता है तो श्रीमन् निश्चित रूप से वह चिंता का विषय होता

है, निंदा का विषय होता है। लेकिन किसी ऐसे समुदाय के साथ, किसी ऐसे वर्ग के साथ यदि कोई अत्याचार हो, जुल्म हो जिस समुदाय का भारत के स्वाभिमान की रक्षा में बहुत बड़ा योगदान हो, जिसने भारत की आजादी में बलिदान दिया हो, जिसका भारत को आजादी दिलाने में बहुत बड़ा योगदान हो, तो निश्चित रूप से यह विषय केवल निंदा का विषय ही नहीं होता है, बल्कि यह विषय राष्ट्रीय शर्म का विषय बन जाता है। हम सभी जानते हैं कि सिख समुदाय ने आजादी की लड़ाई में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है और मुगलों के शासन काल से लेकर आज तक जब-जब भी राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रश्न हम देशवासियों के सामने आया होगा तो उसमें अहम भूमिका निर्वाह इस सिख समुदाय ने किया है। 31 अक्तूबर को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या हुई। मैं यह कहना चाहूंगा कि केवल कांग्रेस के लोगों का ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान के लोगों को, चाहे कोई किसी जाति मजहब का क्यों न रहा हो, चाहे कोई किसी राजनीतिक पार्टी का क्यों न रहा हो, सबको पीड़ा पहुंची थी और सबका दिल दहला था, इसमें कहीं कोई दो राय नहीं है। लेकिन उसके बाद जिस प्रकार नरसंहार का सिलसिला केवल भारत की राजधानी दिल्ली में ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के अधिकांश राज्यों के प्रमुख केन्द्रों पर प्रारम्भ हुआ। उसकी जितनी भी निन्दा की जाए, कम है। श्रीमन् नानावती कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद अब यह जाहिर हो चुका है कि इस प्रकार के कातिलाने हमले को, इस प्रकार के नरसंहार को किसने प्रोत्साहित करने का काम किया? यदि मैं यह कहूं कि सचमुच आजाद भारत के इतिहास में गवर्नमेंट स्पॉन्सर्ड मैसेकर यदि पहली बार कभी हुआ है तो 1984 में हुआ है।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: बोलने दीजिए, बोलने दीजिए।...**(व्यवधान)**...आपको जवाब देने का पूरा मौका मिलेगा।...**(व्यवधान)**...

श्री राजनाथ सिंह: रिपोर्ट आ जाएगी, उस पर चर्चा कर लेंगे, इसमें परेशान होने की बात नहीं है।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: चलिए-चलिए, ठीक है।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन् मैं यह भी कह रहा था कि ...**(व्यवधान)**... यह सरकार अल्पसंख्यकों की हिमायती बनती है और बार-बार दावा करती है, अल्पसंख्यकों का हिमायती बनने का और उनका आलम्बरदार बनने का। यह सरकार यह भी कहती है कि अल्पसंख्यकों को इस देश में सुरक्षा यदि कोई भी सरकार दे सकती है तो वह कांग्रेस की सरकार दे सकती है। क्योंकि यह सरकार सैक्युलर पार्टी की है, यानी यह कांग्रेस सबसे बड़ी सैक्युलर पार्टी है। लेकिन मैं तो यह कहना चाहता हूं कि हमने आजाद भारत में जो कुछ भी देखा है, उस आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि सचमुच आज इस हिन्दुस्तान की यदि सबसे बड़ी* यदि कोई पार्टी है तो वह कांग्रेस पार्टी है। ...**(व्यवधान)**... मैं तो सिर्फ याद दिलाना चाहूंगा 1916 की, जो लखनऊ में कांग्रेस का

*Expunged as ordered by the Chair.

अधिवेशन हुआ था...(**व्यवधान**)... उसमें पृथक निर्वाचक क्षेत्र की बात को यदि स्वीकार किया था, तो कांग्रस के अधिवेशन में कांग्रेस के ही लोगों ने किया था। घटनाएं तो मैं कई बता सकता हूं, लेकिन मैं यहां उनकी चर्चा नहीं करना चाहता हूं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि उड़ीसा में ग्राह्म स्टेन की हत्या होती है, तो निश्चित रूप से वह निन्दा का विषय है। उसकी जितनी भी निन्दा की जाए, कम है तब आपका चेहरा तमतमा उठता है। जब मैं देखता हूं कि बेस्ट बेकरी का कांड होता है तो उसकी निन्दा की जानी चाहिए, उसके कारण यदि गुस्सा पैदा होता है, तो उस पर कोई आपत्ति नहीं है। उसके कारण चेहरा तमतमा जाता है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यही सदन है, जिस प्रकार का कातिलाना हमला इस हिन्दुस्तान में केशधारियों के ऊपर हुआ, जिस प्रकार से ग्राह्म स्टेन की हत्या के बाद आपका गाल लाल हुआ था, आपका चेहरा तमतमाया था, जिस प्रकार से बेस्ट बेकरी कांड के बाद आपका चेहरा तमतमा उठा था, आपके चेहरे के गाल का रंग लाल हो उठा था, तो केशधारियों की हत्या के बाद, उस प्रकार की लालिमा आपके चेहरे पर देखने को नहीं मिली, उस प्रकार का गुस्सा आपके चेहरे पर देखने को नहीं मिला। कैसे यह दावा किया जाये कि आप अल्पसंख्यकों के हितेषी है, उनके आलम्बरदार हैं, उनको सुरक्षा देने वाले है।?

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से भी अनुरोध करना चाहूंगा कि आप हमारे देश के प्रधान मंत्री हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। मानवता की रक्षा करने की आप कोशिश करते होंगे, पर किस सीमा तक कर पाते हैं, मैं नहीं जानता हूं। लेकिन करनी चाहिए, इसमें दो मत नहीं है। हम सभी जानते हैं कि विज्ञान का एक नियम है। उसकी मैं यहां पर चर्चा करना चाहता हूं लॉ ऑफ कंजर्वेशन ऑफ एनर्जी, जिसे हम हिन्दी में ऊर्जा के संरक्षण का सिद्धांत कहते हैं। इस लॉ ऑफ कंजर्वेशन ऑफ एनर्जी के आधार पर हम यह कहते हैं कि ऊर्जा कभी भी नष्ट नहीं होती। यानी होल यूनिवर्स जब एग्जिस्टेंस में आया होगा जब यह सृष्टि अस्तित्व में आई होगी, उस समय जितनी ऊर्जा रही होगी, जितनी एनर्जी रही होगी, आज भी किसी-न-किसी रूप में उतनी ही ऊर्जा, उतनी ही एनर्जी विद्यमान है। विज्ञान के इस नियम से यह बात सिद्ध हो जाती है कि निश्चित रूप से इस सृष्टि में न कुछ घटता है, न कुछ बढ़ता है, न कुछ पैदा होता है, न नष्ट होता है। यदि न कुछ घटता है, न कुछ बढ़ता है, तो प्रश्न यह उठता है कि क्या घटता है, क्या बढ़ता है? प्रधानमंत्री जी, इस दृष्टि से यदि कुछ घटता है, बढ़ता है, तो मानवता और दानवता ही घटती और बढ़ती है। जब मानवता बढ़ जाती है, तो पूरे समाज में, पूरे देश में, पूरे विश्व में अमन-चैन का माहौल बन जाता है, लेकिन जब मानवता घट जाती है, दानवता बढ़ जाती है, तो किस प्रकार के हालात पैदा होते हैं, इसकी सहज ही कल्पना कर सकते हैं। यदि इसकी आप मिसाल देखें, तो दिल्ली में वह मिसाल देखी जा सकती है। ...(**व्यवधान**)... दिल्ली हो, कानपुर हो, रांची हो, धनबाद हो, डाल्टेनगंज हो, केवल इन स्थानों पर सामान्य व्यापारी, सामान्य केशधारियों की हत्या नहीं की गई ऐसे केशधारी, जो अपनी जान हथेली पर लेकर देश की सीमाओं की सुरक्षा करने का काम करते हैं, श्रीमन् ऐसे

38 सिख फौजियों की भी हत्या की गई। उन्हें पकड़ कर आग लगा दी गई। श्रीमन् मैं यहां पर किन-किन घटनाओं की चर्चा करूं।

जहां तक सजा का सवाल है, यह किसी से छिपा नहीं है, सजा तो किसी को नहीं हो पाई, बल्कि पुरस्कृत होते रहे । कल एक सज्जन को त्याग-पत्र भी देना पड़ा है। क्यों इस प्रकार का पुरस्कार दिया जा रहा है? मैं आगे आपसे पूछूंगा कि उनके बारे में भविष्य में आपने किस प्रकार से पुरस्कृत करने के लिए सोचा है?

प्रधानमंत्री जी, मैं समझता हूं कि यदि आपने नानावती कमीशन की रिपोर्ट प्राप्त होते ही कार्रवाई की होती अथवा कुछ रिएक्ट किया होता, कुछ कमेंट किया होता, तब तो बात समझ में आती कि वास्तव में जो कुछ भी 1984 में हुआ है, उसे लेकर आपके मन में भी दर्द है, पीड़ा है, लेकिन आपके द्वारा कुछ नहीं किया गया। जो एक्शन टेकन रिपोर्ट आई है, उस एक्शन टेकन रिपोर्ट में जिस तरीके से कल्प्रिट्स को बचाने की कोशिश की गई है, वह भी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन कल आपने एक सज्जन से त्याग-पत्र लिया और जिस सज्जन से आपने त्याग-पत्र लिया, जिस मंत्री से आपने त्याग-पत्र लिया, उन्होंने सीधे आपको त्याग-पत्र नहीं दिया, त्याग-पत्र दिया तो कांग्रेस की अध्यक्ष, सोनिया जी को त्याग-पत्र दिया। आज हिन्दुस्तान के लोग यह कहते हैं। ... **(व्यवधान)**... प्रधानमंत्री जी, मंत्री तो आपने नोमिनेट किया था, तो त्याग-पत्र देने के लिए कांग्रेस की अध्यक्ष महोदया के पास क्यों चले गए, यह बात समझ में नहीं आती है। इसलिए कभी-कभी हिन्दुस्तान के लोग यह कहते हैं कि पहली बार आजाद भारत में ऐसा हुआ है कि एक नया पद सृजित हुआ है, क्रिएट हुआ है - वह सुपर प्राइम मिनिस्टर का पद क्रिएट हुआ है। ... **(व्यवधान)**... वह मंत्री जिसे आपने नोमिनेट किया था, उसने आपको त्यागपत्र देना उचित नहीं समझा ...**(व्यवधान)**... और मैं समझता हूं कि आपको पब्लिक सेंटिमेंट्स को देखते हुए ही इस प्रकार का फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। ...**(व्यवधान)**...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: What is your point or order?

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, Smt. Sonia Gandhi is not a Member of this House. He has made an allegation against her that she is the super-Prime Minister. It is an insult to the Prime Minister as well as to the House. ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति: आप बोलिए, शुरू कीजिए।

श्री राजनाथ सिंह: मैंने किसी का नाम नहीं लिया है। श्रीमन्, मैंने किसी का नाम नहीं लिया

है। श्रीमन्, 1984 में जब यह कांड हुआ था, उस के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी का स्टेटमेंट आया था कि, जब बड़ा वृक्ष गिरता है तो धरती हिलती है। श्रीमन्, इस का क्या मतलब होता है कि बड़ा वृक्ष गिरता है तो धरती हिलती है क्या इस सच्चाई को सारी दुनियां नहीं जानती कि जब धरती हिलती है तो बड़े-बड़े वृक्ष धाराशायी हो जाते हैं ...**(व्यवधान)**... श्रीमन् यदि धरती हिलती है तो क्यों हिलती है? क्योंकि धरती के अंदर का compulsion इतना अधिक हो जाता है कि ऊपरी लेयर उस को बर्दाशत नहीं कर पाती और पूरी धरती हिलने लगती है। श्रीमन् क्यों ऐसे हालात पैदा हुए, यह भी विचार का विषय है? श्रीमन्, इस स्टेटमेंट का मैंने इसलिए उल्लेख किया कि बेकाबू हालात को नियंत्रित करने के लिए जिस प्रकार की प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए थी, उस समय वह प्रभावी कार्यवाही तत्कालीन केन्द्र की सरकार अथवा यहां की सरकार द्वारा नहीं की गयी।

अब जुडिसियल कमीशन बना। श्रीमन्, यह घटना 31 अक्टूबर, 1984 की है और जुडिसियल कमीशन बन रहा है अप्रैल, 85 में यानी 6 महीने के बाद। ...**(व्यवधान)**... यानी इतने बड़े हादसे, इतने बड़े नर-संहार को जितनी गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए था, उस समय की सरकार ने उतनी गंभीरता से नहीं लिया। आप ने 6 महीने के बाद कमीशन बनाने की जेहमत उठायी। श्रीमन्, मैं तो यही कहना चाहूंगा कि यह 84 का जो कार्नेज थ, उस समय की सरकार की संवेदन-शून्यता और उस की अकर्मण्यता का ही यह परिणाम रहा। जस्टिस रंगनाथ कमीशन बैठाया गया, मैं यहां पर उस की चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने देहली एडमिनिस्ट्रेशन को इस के लिए जिम्मेदार ठहराया है और विशेष रूप से लेफ्टीनेंट गवर्नर का नाम लिया है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि दिल्ली की कानून और व्यवस्था का प्रश्न सीधे केन्द्र सरकार से, सीधे होम मिनिस्ट्री से जुड़ा हुआ प्रश्न है। लेफ्टीनेंट गवर्नर तो बीच में एक माध्यम है। इस में कहीं कोई दो राय नहीं, लेकिन आज वह लेफ्टीनेंट गवर्नर क्या बोल रहा है? लेफ्टीनेंट गवर्नर का यह कहना है:

'I know I will again be made a spacegoat to shield the higherups.'

Mr. Gavai claimed that the carnage was not on account of any errors on his part, but rather because of the Rajiv Gandhi Government at the Centre deliberately delayed calling in the Army when the mass killing began on November 1, 1984.

यह उस समय का लेफ्टीनेंट गवर्नर बोल रहा है। उन का यह भी कहना है कि

"When Rajiv Gandhi called him on November 2, 1984, he told him, Gavaiji, you are a heart patient and you should now take rest."

और उस बेचारे ने रिजाइन किया, त्यागपत्र दिया और चले गए ऐसे क्राइसिस के पीरियड में यह बात कहने की क्यों आवश्यकता पड़ी? क्या केवल इसलिए कि उस समय के लेफ्टीनेंट गवर्नर

मिस्टर गवई बार-बार यह कह रहे थे कि मिलिटरी भेजिए और मिलिटरी नहीं भेजी जा रही थी। यही उन का अपराध था। ...**(व्यवधान)**... श्रीमन् सभी जानते हैं कि दिल्ली की कानून और व्यवस्था पर सीधा नियंत्रण गृह विभाग का होता है। और उन्होंने यह भी कहा है कि मुझे उस समय कोई पॉलिटिकल सपोर्ट नहीं था। उस समय कुछ सांसद थे, कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता थे, वे जो कुछ कहा करते थे, उस समय के प्रधान मंत्री जी वही किया करते थे। वे सब सारे-के-सारे लोग हमारे खिलाफ थे, इस की भी चर्चा उन्होंने की है और उन्होंने कहा है कि मैंने तो तत्कालीन होम मिनिस्टर श्री नरसिंह राव से मिलने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मिले। तीन दिन वह कहां थे, इस का पता नहीं चल रहा है और जिस शब्द का प्रयोग ...**(व्यवधान)**... मैं उस का प्रयोग नहीं करना चाहता। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: बोलने दीजिए, सोज साहब ...**(व्यवधान)**... आप चुप रहिए, वह अकेले बहुत है।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन्, जांच किस तरीके की हुई ...**(व्यवधान)**... नानावती कमीशन बराबर रंगनाथ कमीशन के रिकॉर्ड मांगते रह गए, लेकिन गृह मंत्रालय के द्वारा रंगनाथ कमीशन की रिपोर्ट अथवा जो कुछ भी फैक्ट्स-फैक्चुअल्स थे, वह नानावती कमीशन को उपलब्ध नहीं कराए गए। अब किसी पर लगाते समय 'probable' अथवा 'very probable' शब्द का प्रयोग यदि नानावती कमीशन न करे तो वह क्या करे, यह मजबूरी है। मैं यहां पर नानावती कमीशन की रिपोर्ट के पेज 13-14 पर जो कहा गया है, उसका उल्लेख करना चाहूंगा:

> "Three hundred eighty-three affidavits they have submitted to Commission to show that some Sikhs had distributed sweets on coming to know about...." *(Interruptions)*. I am sorry, Sir.
>
> "Though the full record of Justice Mishra Commission did not become available to the Commission, it was decided to proceed with the inquiry as it became clear from the affidavit filed on behalf of the concerned authority that in spite of their efforts, the remaining record was not available."

ऐसे हालात में यदि वह सीधे-सीधे point out करना चाहें कि इन्होंने फलां-फलां अपराध किए, तब तो ये कह देते कि ये सचमुच में अपराधी थे और कमीशन जब कभी-भी कोई रिपोर्ट देता है तो सीधे-सीधे किसी को अपराधी नहीं कह सकता। वह कुछ संभावनाओं के आधार पर ही अपनी रिकमेंडेशन देता है। श्रीमन्, यदि उसका अपराध जस्टिफाई होता है, तय होता है तो वह अदालन में तय होता है। आपने इन मंत्री जी से त्याग-पत्र ले लिया है, लेकिन त्याग-पत्र लेना ही पर्याप्त नहीं है। उनको प्रॉसिक्यूट किया जाना चाहिए, सरकार के द्वारा उन्हें सजा दिलाने की भरपूर

कोशिश की जानी चाहिए। श्रीमन्, इस कमीशन की रिपोर्ट में आया है कि उस समय लोग पकड़े जाते थे और छोड़ दिए जाते थे। कमीशन की रिपोर्ट में यह भी आया है कि कांग्रेस आई के कुछ नेताओं के दबाव में जो लोग पकड़े जाते थे, वे छोड़ दिए जाते थे। मैं इस समय झारखंड के एक जनपद पलामू की चर्चा करना चाहूंगा। डाल्टेनगंज में अरविंद कुमार नाम के एक एस॰पी॰ हुआ करते थे। जब उन्होंने उग्र भीड़ पर अपने रिवॉल्वर से फायरिंग की तो दूसरे ही दिन वहां से उनका ट्रांसफर कर दिया गया। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: माननीय सदस्य, आपके 20 मिनट हो गए हैं। समय का ध्यान रखिए।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन् जो भी हुआ है, इसमें कहीं दो राय नहीं कि उस समय की राजनीतिक पार्टी कांग्रेस आई के लोगों की शह पर हुआ है। उस समय भारत के राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह हुआ करते थे। लगता है कि जैसे उनकी भी एक असहाय की स्थिति थी। एक से एक दिग्गज लोग उस समय उनसे मिले और उन्होंने उनके सामने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की, मैं मिलने वालों के नाम की चर्चा करना चाहूंगा–लेफ्टिनेंट जेनरल जे॰एस॰ अरोड़ा, एयर चीफ मार्शल अर्जुन सिंह, ब्रिगेडियर सुखजीत सिंह, ये सारे लोग उनसे मिले। उस समय तत्कालीन प्रेसिडेंट महोदय, ज्ञानी जैल सिंह जी ने यह कहा कि "I am not in contact with the Home Minister, Shri P.V. Narsimha Rao. I suggest you to talk to him". और साथ ही यह भी कहा कि "I did not have the power to intervene." इतने असहाय हो गए थे। सभापति महोदय, मुझे लगता है कि हमारे आज के प्रधानमंत्री जी भी सज्जन व्यक्ति हैं, लेकिन वे भी असहाय की स्थिति में हैं और लाचार हैं। अब एक्शन टेकन रिपोर्ट में चाहे वह श्री जगदीश टाईटलर हो, चाहे श्री सज्जन कुमार, चाहे मि॰ भगत हो, इन सारे लोगों के बारे में श्रीमन् मैं यह कहना चाहूंगा कि आपने उनका त्यागपत्र ले लिया है, ठीक है, यह स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि उन्हें प्रोसिक्यूट किया जाना चाहिए। बहुत सारी चीजें जो कमीशन की रिपोर्ट में हैं मैं इसका उल्लेख कर सकता हूं कि सचमुच किस प्रकार से इस दंगे को, इस नरसंहार को भड़काने में उनका योगदान रहा है, लेकिन मैं यहां उसकी चर्चा करना बहुत आवश्यक नहीं समझता हूं। श्रीमन् मि॰ सज्जन कुमार जो आज भी मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट हैं, उनके बारे में कमीशन यह लिखता है कि "The Commission recommends examination of only those cases where the witnesses had made acquisitions against Shri Sajjan Kumar." ए॰ टी॰ आर॰ कहती है कि "FIR in Sultan Puri Police Station registered against unknown persons. Kumar not named as an accused. मैं यहां पर कमीशन की रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा। सज्जन कुमार जी वहां पर मौजूद थे। श्रीमन्, इसमें ए और बी में रह रहे व्यक्तियों के शपथ–पत्रों से पता चलता है कि दिनांक 1–11–84 को सुबह 8 से 9 बजे के बीच लगभग 500–600 व्यक्तियों की भीड़ डीपी पार्क के निकट इकट्ठा हुई और

स्थानीय कांग्रेस--आई सांसद श्री सज्जन कुमार ने उन्हें संबोधित किया जिन्होंने उसे यहां तक कहकर उकसाया कि सरदारों ने हमारी इंदिरा मां को मारा है। अब सरदारों को मारो, लूटो और आग लगा दो। भीड़ नारे लगा रही थी-खून का बदला खून होगा, सरदारों को जान से मारो।

श्री सभापति: आपका टाइम खत्म हो रहा है।

श्री राजनाथ सिंह: श्रीमन्, आज वे सांसद लोकसभा में बैठे हुए हैं। क्या आप उनसे त्यागपत्र की मांग नहीं कर सकते? आप उनको पार्टी से एक्सपेल नहीं कर सकते? क्या हो रहा है यह हिंदुस्तान में? ...**(व्यवधान)**... हल्केपन से मत लीजिए। जो कुछ भी आपने किया है, हिंदुस्तान की जनता माफ नहीं करेगी। सारी चीजें उजागर हो चुकी हैं। ...**(व्यवधान)**

श्रीमन् उस मोब को लीड कर रहा था एस॰एच॰ओ॰, अधिकारियों को कहा जाता था कि इसे लेकर जाओ। ...**(व्यवधान)**... यदि कोई ईमानदार अधिकारी कुछ आपराधियों को गिरफ्तार करता था, तो थाने में जाकर ये सांसद और कांग्रेस के नेता उन्हें बचाने की कोशिश करते थे।

श्री सभापति: आपका टाइम खत्म हो रहा है। आप समाप्त करें।

श्री राजनाथ सिंह: सर, कमल नाथ जी के बारे में भी चर्चा हुई है कमल नाथ जी भी वहां पर गए थे। उनका क्या है, मैं बहुत विस्तार में जाकर इसका उल्लेख नहीं करना चाहूंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि वे वहां पर मौजूद थे। इसमें है- उसके बाद भीड़ अधिक हो गई और उस समय उस भीड़ में कांग्रेस के नेता श्री कमल नाथ और श्री वसंत साठे दिखाई दिए। वहां पूरी भीड़ से वे बात कर रहे थे। गुरुद्वारे के ऊपर हमला किया जा रहा था। अब इसको आपको देखना है, प्रधानमंत्री जी। इससे अधिक मैं यह कहना चाहूंगा कि आपके एक वरिष्ठ मंत्री हैं, राम विलास पासवान जी, उन्होंने भी कहा है। किस प्रकार का चित्रण आंखों के सामने गढ़ा गया है, उसका भी संज्ञान आपको लेना है।

श्रीमन्, धर्मदास शास्त्री जी, पता नहीं कहां चले गए। आज मैं एक अखबार में पढ़ रहा था। उनको इस बात का गिला है कि मेरे ऊपर नानावती कमीशन ने उंगली उठाई है, उसके बाद भी कोई कांग्रेस का नेता मुझसे मिलने के लिए नहीं आ रहा है। इस बात की उनको शिकायत है। अब इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? उनके बारे में कमीशन ने भी रिकमंड किया है।

श्री सभापति: माननीय सदस्य, आपका समय हो रहा है।

श्री राजनाथ सिंह: समाप्त कर रहा हूं, श्रीमन्। अब इसमें है — 'not named as an accused in the FIR'. The FIR says, "The Government will look into the matter." यह गवर्नमेंट कब देखेगी? पांच-छह महीने तो रिपोर्ट आए हुए हो गए हैं। कब तक गवर्नमेंट इसको देखेगी? भगत साहब के बारे में कोई चर्चा नहीं करना चाहूंगा, क्योंकि यह जग-जाहिर

है कि भगत जी का उसमें हाथ था। कमीशन ने उनके स्वास्थ्य को देखते हुए यह कहा है कि हम इस केस को परस्यू नहीं करना चाहेंगे। सब मिलाजुला कर मैं यही कहना चाहूंगा कि संसदीय लोकतंत्र से इस देश की जनता का विश्वास न उठ जाए, सरकारों पर से जनता का विश्वास न उठ जाए, राजनैतिक पार्टियों से तो धीरे-धीरे उसका विश्वास उठ रहा है, क्योंकि जिस प्रकार की ये चीजें हो रही हैं।

श्रीमन्, कुछ लोगों के बारे में आपने एक्शन-टेकेन रिपोर्ट में कहा है कि वे रिटायर हो चुके हैं, इसलिए उनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का कोई औचित्य नहीं है। इसमें मैं आपसे यह मांग करता हूं कि भले ही वे रिटायर हो चुके हैं, मगर अगर वे जिंदा हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए, उन्हें दंडित कराए जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उनके गले को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। कंपनसेशन समान रूप से पूरे देश भर में , जहां जहां इस प्रकार के हादसे हुए, वहां पर दिया जाना चाहिए, उनके पुनर्वास रिहैब्लिटेशन की व्यवस्था की जानी चाहिए। जितने भी अपराधी हैं, आज उनका कद कितना भी बड़ा हो, सारे अपराधियों को प्रोसीक्यूट कराए जाने की कोशिश होनी चाहिए, लेकिन जो भी होना चाहिए वह टाइम-बाउंड होना चाहिए, क्योंकि 21 साल का समय इसमें गुजर चुका है।

श्री सभापति: ठीक है, अब आप खत्म करें।

श्री राजनाथ सिंह: ए.टी.आर. को रद्दी की टोकरी में फेंक देना चाहिए। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जांच को सिर्फ दिल्ली तक सीमित न रखिए। प्रधानमंत्री जी, हिन्दुस्तान मे जहां-जहां इस प्रकार का नरसंहार हुआ है, वहां-वहां पर आप इसकी जांच कराइए तथा जो राहत आज भी दी जा सकती है, उनको वह राहत दीजिए।

श्रीमन्, अंतिम बात यह कहना चाहूंगा कि कांग्रेस आई के जिन भी नेताओं का इस रिपोर्ट में नाम है, भविष्य में कभी उनको पुरस्कृत मत करिएगा, कांग्रेस आई के सदस्य के रूप में जब तक आप प्रधान मंत्री रहिए, कम से कम तब तक आप इन्हें मत स्वीकार करिए। यही अनुरोध करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

The question was proposed.

श्री सभापति: बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ASHWANI KUMAR (Punjab): Sir, I rise to take part in a debate whose genesis we trace back to a colossal national tragedy that struck this country on 31st October, 1984. Sir, a serving Prime Minister, mother

of the nation and leader of millions of Indians, fell victim to the assassins' bullets. What followed was indeed a national tragedy of the greatest magnitude. It would remain for long a wound that struck at the core of our national conscience. It is in that context, Sir, that we discuss this Report, the 9th in a series of reports that sought to heal the wounds of the nation and bring to justice those guilty of the crimes against humanity. It would, therefore, be my endeavour not to make this debate into a partisan debate but to draw attention of this august House and, through this august House, of the nation, to the facts that we must consider and to the challenges that we face in the future.

Sir, 31st October, 1984 was akin to that moment in history when as someone said, centres cease to hold and nations are called upon to find their feet, their space, and to reassert their ethos and their conscience. A violent mob in Delhi and in some other parts of the country reacted in the manner that it did. Totally indefensible! No one in his right mind can directly or indirectly defend the gruesome acts that followed the assassination of late Shrimati Indira Gandhi. We then, Sir, sought about devising mechanisms to heal the wounds and to apply balm to those who were affected and to ensure that such incidents would not recur. And in that series. Sir, the Nanavati Report came up with certain recommendations. The substance of the Report on the political side decisively and unambiguously exonerates the top leadership of the Congress Party which for 21 long years has been victim of an insidious and an orchestrated campaign of calumny and viciousness. That lie stands nailed. The Commission did point a finger at a few individuals, and made ten recommendations in all. Nine recommendations, Sir, were accepted in toto, as indicated in the ATR. There was a difference of opinion with respect to action against one individual. That also, Sir, has since been accepted and the resignation of the Minister must finally put a lid on that aspect as well. After the Prime Minister's statement in the Lok Sabha yesterday. Sir, this nation cannot be in doubt as to the resolve of the Government; as to the commitment of the Congress Party to effectuate full and complete reparation in the form of restitution, compensation, rehabilitation, and succour to all those who were affected. The Prime Minister and the Home Minister have in their respective statements assured the nation, through their address in the Lok Sabha that all possible steps required to be taken to correct the aberrations in the delivery system of justice and to ensure full and total responsiveness of administration, if such events were to recur should leave none in doubt as to the commitment

and resolve of this Government and of the Congress Party. But, Sir, there is a much wider element in this debate. I have heard, as I always do, with great attention what Raj Nath Singhji had to say. I was disappointed, Sir. I had thought that this debate would not be used to score political points. The tragedy was too great, the agony is indescribable in words and it would need a lot of wisdom, sagacity, generosity and commitment to ensure that such aberrations do not wound the conscience of the nation yet again. But, what do we find, Sir? In stark defiance of the conclusions of the Report, which has nailed the lie against the Congress Party, it was again asserted that the Congress was responsible for the carnage. Here is a party which asked one of its Ministers to go, even though we are convinced that in law there is no case of culpability against him, and yet this Party and the Government is being called to account by those whose hands are sullied in the blood of thousands of people in Gujarat. Sir, I can understand a political party seeking to make a political point. But these are issues of political morality; these are issues that confront the ethos of a nation; all that the nation stands for and the values of the Republic. I should have thought that the level of debate would be raised so that in our collective wisdom we can give a direction to the people and take direction from the felt sensitivities of the people.

Sir, I would like to congratulate the Prime Minister and the Government for being responsive to the felt perceptions and sensitivities of the people. The Prime Minister said in so many words that the sentiments of the people of India would be respected. Ultimately, Sir, it is perception that promotes reality to meaning and in that vein and in that spirit, we have abided by the sentiments of this House and the sentiments of the people of India. We are not obvious of the fact that the wounds of 1984 still fester in the hearts of people. I come from Punjab, Sir, and I know what 1984 riots meant and what the assassination of Shrimati Indira Gandhi meant to the multitude of the people of India. I implore, particularly my esteemed friends of the Akali Dal not to discuss this grave and critical issue in an idiom that would incite passions. It has taken a lot of blood and many years of turmoil to get our country back on its feet. In seeking to score political points, let us not derail the process of reconciliation, that is now finding firm ground in the conscience of this nation. Sir, this debate is important. it is important because, in my belief, it would cement the

foundations of democracy. I am gratified and grateful to you, Mr. Chairman, Sir, for having permitted this debate, because through this debate, we ought to focus on the injustices and the tragedies that struck our nation only to ensure that such tragedies do not recur and in that spirit, Sir, I rise only to make a point that man's inclination for injustice makes democracy necessary. And man's capacity for justice makes democracy possible. And, therefore, Sir, in exercising our democratic rights today in this House of expressing ourselves, the purpose should not be to fix liability where none can be fixed and which, in fact, has been denied by the successive Commissions, but to tell the nation that the entire political spectrum in this country speaks in one voice to ensure that these instances would not recur. That, Sir, should be the focus of this debate, and it is in that spirit, on behalf of my party that I rise to take part in this debate.

Sir, justice is the final measure of power. I make bold to state that we need to ensure that justice is not only done, but is seen to be done. And in that context the Prime Minister has stated that every single suggestion and recommendation made by Justice Nanavati towards securing of justice to those who are aggrieved shall be taken.

I would only like to conclude by adding that we, in this country are not committed to rough, ready and roughshod justice. We have a Constitution, we have an established procedure of law through which culpability and guilt is to be fixed. In our anxiety to demonstrate our resolve to bring ability to justice, let nothing be done that is outside the ambit of law, that does not measure up to the Constitutional requirements so that nation should not accuse us compromising one value of the Republic in order to subserve the other. We are capable of; it is within our genius, Sir, to reconcile the two imperatives to ensure justice according to law. That is the burden of my intervention, and that is what I recommend to this august House. Thank you very much.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity. I think, the issue that we are discussing today under rule 170 of the Rules of Procedure, has a changed context after the debate that took place in the other House. I think, it is also apparent in the submissions of the two hon. Members who have spoken now, that the sting is gone. Therefore, I think, we need to premise this debate on a different footing altogether. It is precisely because of this

feeling, I think, the discussion under rule 170 is singularly inappropriate to have the debate in the manner that we should. I think, the basic issue here is now can we use this opportunity to device more inclusiveness, by all sections of the House, a response or preparedness of the Indian society which essentially has a composite or plural culture, how you prepare the Indian society so that we can avoid the monumental human tragedy that really overtook the nation in those fateful days of 1984. I think that should have been the particular context of the debate here in Rajya Sabha today. Therefore, Sir, with all due regards to our friends of the Opposition, I think, Rule 170 is singularly an inappropriate mechanism to do that because this is not a time for acrimony. I think there are issue on which all of us have to look at ourselves, introspect and try and see how we can avoid that eventuality. I say this, Sir, with a great sense of regret and great emotion because, Sir, I think, collectively all of us have displayed the singular failure of the Indian nation to deal with the gory incidents of 1984 in the sense that 21 years on and after having nine Commissions, we have failed in delivering justice. Sir, the maturity of our democracy perhaps lies more in the fact that if something untoward happens to the nation, how that can be dealt with in a mature manner and to create that ground and to prepare the nation for such eventualities where recurrence of such events do not take place. I think delivery of justice, a sense of fairness collectively by the nation is the major strength that a mature democracy has to display. I think, therefore, while we analyse what is there in the Nanavati Commission Report, what are the omissions and commissions of the Government, more than that perhaps concentrating on how not to repeat such mistakes is very important because there is a great saying that those who tend to forget history are condemned to repeat it. I think that approach in this debate would be much more contemporary and much more relevant. Therefore, Sir, I again reiterate my point that Rule 170 is not the appropriate mechanism to discuss this subject today after what we had in the other House. Sir, I would like to say that what is the issue that we have to discuss. Sir, you know, how this Commission was formed. Unfortunately, we did not have the advantage of your great position in the Chair at the point of time. The then hon. Chairman, Krishan Kantji used to sit in that Chair. I think many of us here were present on that fateful day which triggered the process, which led to the formation of the Nanavati Commission. I think from that very day, at least, it was clear to me that it was not intended to really deliver justice to those people who have been

victims and the circumstances made it apparent that the Nanavati Commission was not intended to bring to book the guilty or to deliver justice to those who are still knocking at the doors of law of justice. Therefore, we are not really surprised with what the Nanavati Commission has produced because it was not intended to produce that background on the basis of which successful prosecution can take place. That is very apparent. I think we were well into the Zero Hour, the Chair had already ordered the laying of the papers, in those circumstances, I have never seen a Government act like that. Therefore, we see the terms of reference and we see the results of the Nanavati Commission. I will not strain this House with details from the Report because, I think, most of us have read. But it has lived up to the expectations of those who created the Nanavati Commission. Therefore, Sir, we reject major part of the Nanavati Commission Report because it has not only not taken forward some of the recommendations of the past; it has actually turned the clock back. Therefore, Sir, what we feel is that the Government has taken certain steps in cleaning some of the air about implementing the recommendations of the Nanavati Commission Report. I think, surely, a couple of things which should also be mentioned, and, I think, it was so eloquently said by the hon. Prime Minister, yesterday, that it is not only about the nitti-gritty legal issues, you see, this is not a debate for lawyers and putting across legal arguments in a fine language, we are talking in terms of healing an entire nation, a very important community which has played a glorious role in the history of our freedom struggle and thereafter, in the building up of New India. It is a question of deliberate healing touch to them. Therefore, names have to be taken of those who have been indicted. The Minister has resigned but precisely in what manner the Government would like to deal with the case of Mr. Jagdish Tytler, the erstwhile Minister. It will have to be spelt out by the hon. Home Minister. How to deal with the issue of Mr. Sajjan Kumar who is the Member of the other House? I think, there is no wrong. This will be the strength of the Government, that the Government is equal to none in dealing with the immediate issue of overcoming the challenge and the failure that we have suffered in the past of not being able to deliver justice from that constructive point because, Sir, the issue here is: why did it happen? I accept, even if I accept and I have no hesitation to accept, the Commission has said that some sections of the Congress Party were involved. But is it possible if we accept that the organised nature of the violence was just spontaneous? If we accept that, then, we

will also have to accept the theory of action and rection propounded by Newton and most infamously repeated by some of the Members in some other context. I think, therefore, as a modern nation, as a plural democracy, we cannot accept that logic that these were spontaneous reactions, there was an element of organisation. I am not going into partisan debate. But the issue is, how to really uproot from the very ground, that processes which led to such organised response, howsoever, a tragic event maybe. That is a challenge and I think, therefore, the question is what will be our position, *vis-a-vis* the politics on communism, *vis-a-vis* the politics of hate, *vis-a-vis* the politics of division. As a nation, as a Government, as a modern State, what will be our resistance of evolving and fine tuning our democratic institutions so that there can be a real secularism, strengthening and re-inforcing the very fabric of our national unit. I think, that is the context where there is a possibility. If possible who talk of pseudo secularism believe in secularism, if those people who talk of uniting India, at least, for the purpose, if they join in, then, I think, there can be an inclusive debate and there can be a meaningful suggestion and all those can be taken together, because, ultimately, Sir, we are a mature democracy. Sir, I think the hon. Prime Minister, the other day had released this seminal work by Prof. Amartya Sen, 'Argumentative Indians'. What is the strength of our democracy? Strength of our democracy is dialogue and we in India from the ancient times have that tradition of how we in the new context can re-invent ourselves. Where we don't say where we will say, "गर्व से कहो हम हिन्दू हैं, फ़ख्र से कहो हम मुसलमान हैं।" All these issues have an immediate socio-economic and cultural context. How do we, as a modern nation, unitedly, as a polity, face that challenge? I think that is the heart of the debate today after what had happened. I think, it is very, very important to deal with culprits who had committed this kind of gory crimes. I think, the Government should tell us how they would deal with the cases which were dropped and how the Government is going to, actually, rebuilding those cases. We know, at times of such tragedies, people have a fear to go to police stations, particularly if the perpetrators of the crime are mighty and powerful. We have to ensure and reassure the people who have been victimised that we get information and it is very important that not only we are fair but also appear to be fair. This is very important. Next, the question of Gujarat is coming. I am not saying this really to score a political point. This very question will come up. The Supreme Court has made some

observations about the Naroda patia case. How to deal with this? If we deal with the Nanavati Commission and its aftermath in a partisan manner, can we deal with what happened in Gujarat in a fair manner? If we cannot do that, can we stand up, as a modern nation, as a great democracy in South Asia? These are very important questions. Sir, we are a multi-religious society. We are a multi-ethnic society. Our unity is in our diversity. How to deal with this in a globalised context? New issues are coming up. The question of identity has come up. Yesterday, the hon. Prime Minister, while replying to the very important questions, said about the kind of role that India is expected to play in the comity of nations. This is very, very important. I would, therefore, like to hear from the hon. Prime Minister beyond what he had stated in the other House in terms of how we can really trigger up our process for that kind of a roadmap which India embark upon and people all over the world will assimilate from us. Thank you.

12.00 Noon

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, बात तो बहुत पुरानी छिड़ी है और नानावती कमीशन की रिपोर्ट, जो छः महीने से सरकार की फाइल में पड़ी थी, बीस-इक्कीस साल पुरानी घटना को, फिर से कुरेद रही है। सबसे पहले तो जो लोग, जितने हज़ार मरे हों, मैं सरकार से मांग करूंगा कि उनकी एक फेहरिस्त तैयार करनी चाहिए, ताकि अपने वाली पीढ़ी को या कोई भी सरकार चलाता हो या व्यवस्था करता हो—आपके लोग भी हो सकते हैं, इधर के लोग भी हो सकते हैं – तो कहीं बड़ा सा monument लगाकर, नाम लिखकर यह टंग देना चाहिए कि यह गलती एक बार हम लोगों से हो गई थी और आने वाले लोग ऐसी भूल न करें।

महोदय, ये घटनाएं किसी क़ौम को बरबाद करने के लिए भी काफी होती हैं और किसी क़ौम को सुधारने के लिए भी काफी होती हैं। ज्यूडीशियल इनक्वायरी के बारे में मुझे बहुत कुछ नहीं कहना है, क्योंकि मैं लड़कपन में, जब यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा था, तभी जजीय इनक्वायरी में फंस गया था। हम यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे, एक जगह पुलिस ने लड़कों पर गोली चलाई, हमको भी साठ-सत्तर डंडे मारे। पांच लड़के मर गए। सुचेता जी मुख्य मंत्री थी, उन्होंने वर्किंग जज को इनक्वायरी के लिए appoint कर दिया और बहुत दिनों तक इनक्वायरी के बाद, जिन लोगों ने हमको पीटा था, बच्चों पर गोली चलाई थी, टीयर गैस छोड़ी थी, सैकड़ों घायल थे, उनमें से किसी को भी सज़ा नहीं हुई। और हम लोगों पर सैशन कोर्ट में मुकदमा चलने लगा। यह मेरे लड़कपन तक की पीड़ा है। इसलिए जब कभी मैं इस तरह की इन्क्वायरी की बात सुनता हूं तो मान लेता हूं कि लीपा पोती होने जा रही है। जो असली मुजरिम हैं तो वे बचेंगे ही, मैं यह मानकर चलता हूं। जब छोटे-छोटे अपराधी कत्ल

कर देते हैं, मुख्यमंत्री के यहां, दूसरी जगह और पुलिस के बड़े अफसरों के यहां, तो सी॰आई॰डी॰ जांच की बहुत सिफारिश करवाते हैं। सी॰आई॰डी॰ जांच के मायने है कि दो साल के लिये केस खलास, सी॰आई॰डी॰ जांच कर रही है, और अब वे न गिरफ्तार होंगे और न कार्रवाई होगी। यदि वैसे ही किसी मामले को टालना हो तो कोई कमीशन बैठा दिया जाता है। जितने कमीशन बैठते हैं, कभी भी किसी से कोई इंसाफ नहीं हुआ है। यह नानावती कमीशन तो शायद आप लोगों ने गुजरात के मामले में भी बैठाया है। आप कह रहे हैं कि यह मुलज़िमों को छोड़ दिया करता है तो आपको खुश होना चाहिए कि अब गुजरात के मुल्जिमों को भी छोड़ दिया जाएगा। इसलिए विपक्ष को खुश होना चाहिए था। वहां मुल्जिम और लोग हैं। मैं नहीं जानता कि नानावती साहब कैसे जज हैं। लेकिन सर, जज भी तो इंसान ही होता है, उसकी भी तो कमजोरियां होती हैं। जिन जज साहब का नाम लिया जा रहा था, कि वे कमीशन में थे, और उन्होंने इन्क्वायरी की थी, वे इस हाउस के मैम्बर बन चुके हैं। क्या कोई ऐसा नियम बनाया जा सकता है कि जो कोई भी आदमी ज्युडिशियल सिस्टम में काम करता है, रिटायरमेंट के बाद उसको बख्शीश नहीं दी जाएगी? ऐसा नियम नहीं बनाया जा सकता। यदि ऐसा नियम नहीं बनेगा तो कमीशन से इंसाफ कैसे होगा? मैं जानबूझकर इंसाफ शबद का इस्तेमाल कर रहा हूं। कोई में इंसाफ नहीं हुआ करता है, यदि विधि मंत्री जी बैठे हुए हैं। वहां केवल डिसिजन हुआ करता है। डिसिजन और इंसाफ में फर्क है , निर्णय...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: न्याय।

श्री जनेश्वर मिश्र: और इंसाफ इन दोनों में फर्क है, यह याद रखिएगा। निर्णय तो हो सकता है। वह एक प्रोसीडिंग है, चलेगी और किसी न किसी के पक्ष में फैसला होगा। लेकिन जिसको न्याय कहते हैं, वह तो बहुत कम मिला करता है। जब तक बख्शीश की प्रथा रहेगी, तब तक जो सरकार रहेगी, वह फायदे में रहेगी और जिस किसी पार्टी की सरकार रहेगी, वह फायदे में रहेगी, क्योंकि जज भी आदमी ही होता है। वह किसी पत्थर का कोई भगवान नहीं होता है कि उसको हम अपने मन के मुताबिक पूजते रहें। इसलिए जब कभी भी इस तरह के कमीशन बनते हैं तो हम यह जरूर चाहेंगे कि यह तय किया जाए कि उन लोगों को राज्य सभा और अन्य जगहों में नियुक्तियां जैसा बख्शीशें न दी जाएं। हमेशा-हमेशा के लिए एक पक्का नियम बना लेना चाहिए। मेरी यह बात सख्त जरूर है, मैं नहीं चाहता कि मैं एक वर्ग के खिलाफ इस तरह की कड़ी बात बोलूं। लेकिन मैं जानता हूं कि यह समाज इस तरह की प्रथाओं से क्या तजुर्बा झेल रहा है। सभापति महोदय, सिख एक समुदाय है और शायद हमारे देश का सबसे कीमती समुदाय है। अगर वह गेंहू पैदा न करे तो आधा देश भूखा मर जायेगा। यह इतना कीमती समुदाय है। शुरू के दिनों में, सरहद पर हिमालय की तरफ से जो हमले होते थे तो इन सभी के परिवार से एक आदमी सिख बनाया जाता था। जिस तरह से उन सभी ने जलियां वाले बाग में जान दी है, उनकी कुर्बानी बेमिसाल है। नानावती साहब की रिपोर्ट के बाद आज वे सड़क पर अपना सीना पीट-पीटकर चिल्ला रहे हैं कि हमारे साथ इंसाफ नहीं हुआ है। यह सच है कि वर्तमान सरकार ने उनके आंसू पोंछने के लिए एक मिनिस्टर का इस्तीफा दिलवा दिया

है। यह आंसू पोंछना कहलाता है लेकिन इतनी बड़ी लड़ाकू कौम, मेहनती कौम, कुर्बानी देने वाली कौम के साथ जो व्यवहार हुआ था, सब इंदिरा जी पर गोली चलाने वाले लोग नहीं थे। जो गोली चलाने वाले लोग थे, उनके साथ चाहे जो सलूक करें, उनके हाथ-पैर काटकर फैंक दीजिए, उनकी बोटी-बोटी कर दीजिए, लेकिन जो बेचारे रेल में चल रहे हैं, उनका क्या कसूर है? ये तो दिल्ली की घटनाएं हैं। रामविलास पासवान ने अपने एफिडेविट में कहा कि मुलायम सिंह के सामने लोग सरेआम जलाए जा रहे थे। कानपुर और बोकारो की घटना तो जज साहब के सामने आई ही नहीं। चौधरी हरमोहन सिंह जी हमारे एक नेता थे, वे राज्य सभा के मैम्बर थे, वे सरदारों को बचाने के लिए आगे-आगे चल रहे थे। ऐसा लगता था कि उनका घर फूँक दिया जाएगा। यह हमें अच्छी तरह लगता है कि रिपोर्ट में कहीं ऐसी बात आई नहीं, बहुत सी बातें अनकही रह जाती हैं। हम नहीं चाहते कि उन बातों को फिर से दोहराया जाए और कुरेदा जाए, लेकिन इतना तो हम चाहेंगे कि क्या हम लोग दोनों सदनों में कभी संकल्प नहीं ले सकते कि ऐसी घटनाएँ न हुआ करें। 20-25 साल के बाद कोई बात होती है तो यह दर्द केवल इसलिए आया है कि सरदार एक कौम है और वह टिकी हुई कौम है। जब हम लोग पढ़ते थे, जब हम लोग विद्यार्थी थे, हम लोगों के लिए इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट आई थी, भार्गव कमेटी की रिपोर्ट, जब तक रिपोर्ट आई, हम लोग यूनिवर्सिटी छोड़ चुके थे। वातावरण बदल जाता है। 21 साल के बाद मुल्क का सामाजिक और सियासी वातावरण बदल चुका है। पता नहीं कितनी सरकारें आईं, कितनी गईं। आज जो लोग बैठे हैं, उस समय कांग्रेस पार्टी में छोटे-छोटे बच्चे रहे होंगे। उन लोगों से उसका हिसाब तो नहीं लिया जा सकता, न आरोप लगाया जा सकता है। लेकिन हमने कानपुर में देखा था कि एक तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में लोग चलते थे लूटपाट करने और मारने, दूसरी तरफ आरएसएस के नेतृत्व में भी चलते थे। लगता था कि मिला-जुला चल रहा है...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): यह तो बिल्कुल गलत बात है, इसे एक्सपंज किया जाए। ...(**व्यवधान**)...

श्री जनेश्वर मिश्र: यह दोनों तरफ से होता था। इसकी भी जाँच हो जानी चाहिए ...(**व्यवधान**)... केवल चौधरी हरमोहन सिंह ने बचाया था। बाद में राष्ट्रपति महोदय ने उन्हें शौर्य चक्र दिया था ...(**व्यवधान**)...

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): मिश्र जी, हम सब लोग वहाँ थे। हमने स्वयं बचाया है। ..(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: बहुत गलत बात कही जा रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): जो आरोप आज तक सिखों ने नहीं लगाया, जो आरोप आज तक किसी ने नहीं लगाया, किसी कमीशन ने नहीं लगाया, वह जनेश्वर मिश्र जी यहाँ बैठ कर

लगा रहे हैं ...(**व्यवधान**)...आपको आरएसएस का आब्सेशन है ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सभापति महोदय, हम आपसे जानना चाहते हैं कि ...(**व्यवधान**)... नानावती कमीशन रिपोर्ट की तो नहीं है ...(**व्यवधान**)... कोई इसके बारे में ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: ये समझते हैं कि हम बहुत अच्छे वक्ता हैं, ...(**व्यवधान**)... जिसे चाहेंगे गाली देकर निकल जाएँगे ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... आपकी बात हो गई ...(**व्यवधान**)...आपने कह दिया...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: कुछ लोगों को भ्रम है कि ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आपने प्रोटेस्ट कर लिया, ठीक है ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सर अगर किसी ने देखा था ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: माननीय सदस्य, आप क्या चाहते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप समझते क्या हैं अपने आपको? आप समझते हैं कि बहुत बड़े वक्ता हैं, जो चाहेंगे, बोल कर निकल जाएँगे ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आपने प्रोटेस्ट कर लिया ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... आपने प्रोटेस्ट कर लिया ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): Sir, you get this expunged. ...(*Interruptions*)... Please expunge whatever she has said. ...(*Interruptions*)... It is not only an insult to Shri Janeshwar Mishraji, it is an insult to the House. ...(*Interruptions*)... Please expunge it. ...(*Interruptions*)... She is challenging a leader like Shri Janeshwar Mishraji. इनको चैलेंज कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: * कह रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बोल चुके ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: कुछ भी बोल कर चले जाएंगे... **(व्यवधान)...**

श्री सभापति: माननीय सदस्य, बैठ जाइए...**(व्यवधान)**...बैठ जाइए...**(व्यवधान)**...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष देखा गया है कि आरएसएस के लोग वहाँ

*Expunged as ordered by the Chair.

थे। इसकी पहले उन्होंने कोई सूचना दी थी। जिस किसी ने देखा हो, उसने कहीं रिपोर्ट कराई थी, यह तो एक विचित्र बात है ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बस खत्म कीजिए ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सरदार खुशवंत सिंह जी, जो एक राइटर हैं, ने अपने आर्टिकल में लिखा कि मैंने यह देखा कि ...(**व्यवधान**)... आरएसएस का समर्थन नहीं रहा...(**व्यवधान**)

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: What is this happening? Sir, how long will you allow this?...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदय, दिल्ली में अगर सिखों को बचाया तो आर०आर०एस० ने बचाया। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: माननीय सदस्य, मैं इस को देख लूंगा, आप बैठ जाइए। उन्हें खत्म करने दीजिए।

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: जो चाहेंगे कहेंगे। He thinks he can get away with anything and everything. He won't ....(*Interruptions*)

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ (Jammu & Kashmir): Sir, I am on a point of order. She has said वह * बोल रहे हैं। सुषमा जी ने कहा है वह * बोल रहे हैं। * is unparliamentary.

श्री सभापति: माननीय सदस्य बैठिए। मैं समझता हूं कि * शब्द का प्रयोग किया गया है, वह मैं हटा दूंगा। आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य बैठ जाइए।

SHRI JANARDHANA POOJARY: She has said. It is true...(*Interruptions*)..

श्री सभापति: कोई अन-पार्लियामेंटरी वर्ड होगा, तो मैं कार्यवाही से हटा दूंगा। माननीय सदस्य बैठ जाईए।

श्री नीलोत्पल बसु: सर एक मिनट। सर, क्योंकि यह शिकायत आयी है कि जनेश्वर जी * बोल रहे हैं।

श्री सभापति: यह मैं देख लूंगा और हटा दूंगा। ...(**व्यवधान**)... मैं कह रहा हूं * शब्द बोला है। मैं हटा दूंगा।

श्री नीलोत्पल बसु: सर, आप से अनुमति मांग रहा हूं, एक बात हाउस के संज्ञान में लाने के

*Expunged as ordered by the Chair.

लिए कि कमीशन ने भी एक जगह observe किया है कि कांग्रेस के लोकल लीडर्स के साथ दूसरे ऑर्गनाइजेशंस भी थे This is very necessary to ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: माननीय सदस्य आप बैठ जाइए। मैं इस को देखूंगा, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... चलिए, बोलिए।

SHRI VIKRAM VERMA (Madhya Pradesh): It was the Communist Party..(*Interruptions*).. They were Communists....(*Interruptions*)..

श्रीमती सुषमा स्वराज: वामपंथी थे ...(**व्यवधान**)... वह दूसरे संगठन आप थे।

श्री नीलोत्पल बसु: वह सरकार की जांच में आ जाएगा।

श्री जनेश्वर मिश्र: महोदय, मुझे इस बात का दुख है कि मेरी किसी बात से, मेरे उन मित्रों को जो वाकयी मेरे मित्र हैं निजी तौर पर थोड़ी सी चोट लगी है और मैं इस के लिए अपना दुख व्यक्त करता हूं।

श्री सभापति: ठीक है।

श्री जनेश्वर मिश्र: मैं कभी भी किसी को चोट पहुंचाने के लिए, अपनी जवानी के दिनों में जरूर बोला करता था, अब तो बहुत ढीला-ढाला बोलता हूं। ...(**व्यवधान**)... अब अगर कोई गुस्से में आकर मुझे * भी कहता है ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: नहीं-नहीं, * नहीं कहा है। मैंने वह शब्द हटा दिया है।

श्री जनेश्वर मिश्र: उस को आप देख लीजिए।

श्री सभापति: हां, मैं देख लूंगा। आप आगे चलिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No lunch break today. भंडारी जी, आपके 6 मिनट हैं।

प्रो॰ राम देव भंडारी: नहीं, साहब। जब अहलुवालिया जी पर कोई नियंत्रण नहीं था, तो मुझ पर भी आप नियंत्रण न लगाइए। जब उन पर नियंत्रण नहीं लगाया।...**(व्यवधान)**...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: सर, भंडारी जी तो 6 मिनट की बात 4 मिनट में कह सकते हैं। इसका उनको अनुभव है।

श्री उपसभापति: जी, वह तो कह सकते हैं। देखिए, repurcussion क्या होगा आगे चलकर?

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैंने भारतीय जनता पार्टी के दोनों नेताओं, राजनाथ जी और अहलुवालिया जी का भाषण सुना है। बहुत अच्छे तरीके से राजनाथ जी ने अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने शुरू में ही कहा कि यह सामान्य विषय नहीं है। उन्होंने चिंता भी व्यक्त की उस घटना पर, उस घटना की निंदा भी की। मुझे लगा कि बहस आज सही दिशा में जा रही है, मगर जैसे-जैसे बहस आगे बढ़ी, उसका राजनीतिकरण होने लगा।

महोदय, 31 अक्टूबर, 1984 को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या हुई। उसको मैंने और पूरे देश ने एक राष्ट्रीय त्रासदी माना। उसके बाद दिल्ली में जो घटना हुई, जो रॉयट हुए, जिनमें भारी जानमाल का नुकसान हुआ, उसको भी हम राष्ट्रीय त्रासदी मानते हैं, देश ने उसे राष्ट्रीय त्रासदी माना। नानावती कमीशन बना, उसने अपनी रिपोर्ट दी, और घटना के 21 साल के बाद आज नानावती रिपोर्ट पर बहस हो रही है, इसके एक्शन-टेकन रिपोर्ट पर बहस हो रही है। यह 21 साल बहुत लंबा समय होता है। इस तरह की जो दुर्घटना होती है, बड़ी दुर्घटना होती है, जिसका प्रभाव पूरे राष्ट्र पर होता है, इस तरह की दुर्घटनाओं की जांच तुरंत होनी चाहिए और जो दोषी हों उनको सजा भी तुरंत मिलनी चाहिए। इससे सरकार के प्रति देश का विश्वास जागता है।

महोदय, इस बीच कई सरकारें आईं, जिसमें एनडीए की भी सरकार थी। वर्ष 2000 में आयोग का गठन हुआ और जब रिपोर्ट आई, तो आज उस पर इस सदन में चर्चा हो रही है। एक्शन-टेकन रिपोर्ट पर सिर्फ चर्चा ही नहीं हो रही है, इसमें एक्शन भी लिया गया है। मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं, धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने देश के सेंटीमेंट को देखते हुए, देश की भावना को देखते हुए, लोकसभा में चर्चा हुई, उसमें सदस्यों की भावना को देखते हुए अपने एक मंत्री का इस्तीफा भी लिया है।

महोदय, मैं दूसरी दिशा में जाना नहीं चाहता, मगर कभी-कभी बोलते समय ऐसी परिस्थिति बन जाती है कि दूसरी दिशा में जाना पड़ता है। गुजरात में, मैं नहीं जाना चाहता था, गुजरात में इतना बड़ा दंगा हो गया, एक लाइन बोलना चाहता हूं, हजारों लोग मारे गए। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने, आडवाणी जी ने राष्ट्रीय कलंक और क्या-क्या नहीं कहा उसके बारे में। वैसे उनके विचार बदलते रहते थे। अगर देश के बाहर गए तो दूसरी बात बोलते थे, देश के अंदर दूसरी बात

बोलते थे। हम लोगों ने तत्कालीन मुख्य मंत्री, जो अभी भी मुख्य मंत्री हैं, उनके इस्तीफे की मांग की थी, उन्होंने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। वहां जो इतना बड़ा दंगा हुआ, उस बारे में वहां की सरकार ने क्या कार्रवाई की? मगर, मैं पुनः प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने एक मंत्री का इस्तीफा लिया और उन्होंने वचन दिया है, आश्वासन दिया है कि इस रॉयट् में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

महोदय, बड़ी-बड़ी त्रासदियां हुई हैं इस देश में। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या हुई। एक विशेष विचार से जुड़े लोगों ने उनकी हत्या करवाई।...(व्यवधान)...

एक माननीय सदस्य:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, that will not go on record, as the hon. Member is just sitting on his seat and talking. *(Interruptions)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह भी गलत तथ्य है। ...(व्यवधान)...कौन से कमीशन ने यह कहा है कि आर०एस०एस० ने ऐसा किया हैं।...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That has not gone on record. *(Interruptions)* वह रिकार्ड से निकाल दिया है मैंने।

प्रो० राम देव भंडारी: महोदय, माननीया सुषमा जी का मैं बहुत आदर करता हूं, मगर आज जब इन्होंने श्री जनेश्वर मिश्र जैसे एक सीनियर, बुजुर्ग लीडर को* कहा तो मुझे लगा कि यह सुषमा जी, वह सुषमा जी नहीं हैं, जिन्हें मैं कल तक जानता था।...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैंने* नहीं कहा। मैंने कहा असत्य है,...(व्यवधान)...

प्रो० राम देव भंडारी: मैंने सुना, वैसे रिकार्ड में नहीं है, वह अलग बात है।

उपसभापति जी, मैं कह रहा था कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की हत्या हुई। श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई, उसके बाद देश में दंगे हुए। बाबरी मस्जिद विध्वंस हुआ, उसके बाद पूरे देश में जो स्थिति बनी, वह सब जानते हैं। गोधरा कांड हुआ और फिर गुजरात कांड हुआ। इस तरह से जब पूरे देश में ऐसे कांड होते हैं तो उनको राष्ट्रीय त्रासदी के रूप में स्वीकार करना चाहिए और जो भी पार्टी पावर में हो, चाहे हम पावर में हों या दूसरे पावर में हों, निश्चित रूप से दोषियों को सजा देनी चाहिए जल्दी देनी चाहिए, अगर देर होती है तो लोगों को लगता है कि शायद जस्टिस नहीं मिलेगा।

मैं अहलुवालिया जी को सुन रहा था, जोशी जी ने कहा था, अभी जोशी जी नहीं हैं, अहलुवालिया जी प्रत्यक्षदर्शी थे। अहलुवालिया जी उस समय कांग्रेस में थे, उसके बाद कांग्रेस के मिनिस्टर भी बने

*Not recorded.

और आज बी॰जे॰पी॰ में बैठे हुए हैं राज्य सभा के मैम्बर बनकर। यह कैसा विचार है, किस प्रकार का विचार है? ये आज बी॰जे॰पी॰ में हैं, कल कहां जाएंगे?...**(व्यवधान)**...ये कृपा कर देंगे, उधर से कृपा नहीं हुई, तो कल इधर भी आकर बैठ सकते हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद: आपकी पार्टी में भी हमारे यहां से बहुत से लोग गए हैं।

प्रो॰ राम देव भंडारी: मैं मानता हूं, वे कोशिश कर रहे थे, अपने भाषण में कोशिश कर रहे थे, एक विशेष समुदाय के सेंटिमेंट्स को जगाया जाए। महोदय, सिख इस देश की एक बहादुर कौम है, यह हम सभी मानते हैं। पूरा देश मानता है कि सिख इस देश की एक बहादुर कौम है, हमें नाज़ है सिखों पर, मगर जब इस तरह की दुर्घटना होती है देश में तो देशवासी उसे सिख, मुसलमान, हिन्दु या क्रिश्चिन की समस्या नहीं मानता, एक राष्ट्रीय त्रासदी होती है और हमको इसे उसी परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। वे कह रहे थे कि हम चार सिख बोलने वाले हैं। कल अगर गुजरात पर चर्चा होगी, कोई मुसलमान कहेगा कि हम चार मुसलमान बोलने वाले हैं, कहां ले जा रहे हैं देश को आप? महोदय, विभिन्न धर्मों के लोग, विभिन्न समुदायों के लोग, विभिन्न जातियों के लोग यहां हैं, यह बहुत खूबसूरत देश है। अगर इस देश को आप जातियों में, समुदायों में, धर्मों में बांटेंगे तो आप देश को कहां ले जाना चाहते हैं?...**(व्यवधान)**...

श्री बलबीर के॰ पुंज: जातिवाद में आप बांट रहे हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मिस्टर पुंज, देखिए, मैंने पहले भी आपको रिक्वेस्ट की है। देखिए, डिबेट होने दीजिए।...**(व्यवधान)**...you see, Parliament demands democracy. Whatever he wants to say within the framework of the rules, let him say. He has a right to express his views. Why are you interrupting him?

SHRI BALBIR K. PUNJ: Not at all, Sir. I am not interrupting him. I am just saying that it is his party which is doing this. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You should understand.

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं कह रहा था कि यह देश...**(व्यवधान)**...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: महोदय, अगर कोई मेरा नाम लेगा, तो मुझे राइट ऑफ रिप्लाई मिलना चाहिए।

श्री उपसभापति: आप लिख कर दीजिए, फिर हम देखेंगे।

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं कह रहा था कि यह एक बहुत ही खूबसूरत देश है, यहां हिन्दु, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी रहते हैं। क्या पाकिस्तान बनने के बाद सभी मुसलमान पाकिस्तान

चले गए? यह बहुत ही खूबसूरत देश है, जब कभी भी इस देश पर बाहर से हमला हुआ है, यहां पर हिन्दु, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध सभी ने कंधे से कंधा मिला कर हमलावरों का मुकाबला किया है, इसीलिए इस देश को हम धर्म के आधार पर नहीं बांटेंगे, इस देश को जाति और सम्प्रदाय के आधार पर नहीं बाटेंगे। अगर सिखों के साथ इस प्रकार की नाइन्साफी हुई है, पूरे देश के साथ नाइन्साफी हुई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण मैं देना चाहूंगा। ये सिख की बात कर रहे हैं, मैं प्रधान मंत्री जी को सिख नहीं मानना चाहता, आज माननीय मनमोहन सिंह जी इस देश के प्रधान मंत्री हैं, लेकिन मैं इनको सिख नहीं मानता, मैं इन्हें हिन्दुस्तानी मानता हूं, ये एक हिन्दुस्तानी हैं, आप सिख की बात करते हैं।...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Punj, I will have to take note of this. The Whip of the party should see to it that the discipline is maintained in the House.*(Interruptions)* The Chair has to take note of your frequent interruptions, Mr. Punj. I request the Whip to take note of his frequent interruptions.

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, जब इस तरह के विषय पर चर्चा हो तो चर्चा का, भाषण का, विषय यह होना चाहिए कि जिन लोगों की हत्या हुई, जिनके परिवार के लोग मारे गए, जिनके जान व माल का भारी नुकसान हुआ, उनके घाव पर मरहम लगाने का काम होना चाहिए, घाव को कुरेदने का काम नही होना चाहिए। हम यहां आए हैं, हमारे उन भाइयों का जो दर्द है, जो पीड़ा है, उसे बांटने आए हैं, लेकिन यहां पर काम हो रहा है एक पार्टी को कटघरे में खड़ा करने का। मैं सुन रहा था, श्री राजनाथ सिंह जी बोल रहे थे कि सोनिया गांधी सुपर प्राइममिनिस्टर हैं। मैं जानना चाहता हूं कि आपको कहां से आदेश मिलता है, नागपुर से मिलता है ना, आपको कहां से आदेश मिलता है? कह रहे थे कि वह रॉयट गवर्नमेंट के द्वारा स्पॉन्सर्ड था। महोदय, गुजरात में क्या हुआ? **(व्यवधान)**... इन्होंने यह कहा है, **(व्यवधान)**... मैंने नोट किया है **(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down, Mr. Punj. You must understand that he is one hon. Member who would never interrupt in anybody's speech. Please maintain that the decorum. I have observed that he would never interrupt.

प्रो॰ राम देव भंडारी: वे कह रहे थे कि ये दंगे गवर्नमेंट के द्वारा स्पॉन्सर्ड थे। गुजरात में क्या हुआ? सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसे पढ़ लीजिए। महोदय, वे कह रहे थे कि दंगाइयों को छोड़ दिया गया, जो पकड़े गए थे, नेताओं ने उन्हें छुड़वा दिया। गुजरात में घूम-घूम कर कौन दंगे करवा रहा था। अरे, शीशे में अपना चेहरा भी तो देखिए **(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy, please sit down. (*Interruptions*)

प्रो॰ राम देव भंडारी: शीशे में अपना चेहरा भी तो देखिए, तब आपको पता लगेगा कि दूसरे पर पत्थर मारने से पहले शीशे में अपना चेहरा भी देख लेना चाहिए। ...**(समय की घंटी)** महोदय, मैं समाप्त करने जा रहा हूं, अंत में एक ही निवेदन **(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप लोग बैठ जाइए।

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं समाप्त करने जा रहा हूं, लेकिन समाप्त करने से पहले मैं एक बार पुन: प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि इतने बरसों के बाद जब उनके हाथ में यह बात आई है तो जो भी एक्शन लेना चाहिए था, उन्होंने बहुत की क्विकली वह ऐक्शन लिया है और आगे के लिए भी उन्होंने इस सदन को, इस देश को आश्वासन दिया है कि जो भी दोषी होगा, उसकी जांच की जाएगी और उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। यही सरकार का दायित्व होता है और सरकार को इसी दायित्व का पालन करना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

(*MR. CHAIRMAN* in the Chair)

THE PRIME MINISTER (DR. MANMOHAN SINGH): Mr. Chairman, Sir, I must confess to you, at the very outset, that speaking on this occasion has meant a great emotional strain for me. We are discussing issues which have grave implications not only on the future of a brave community but also on the future of our nation. Four thousand people were killed in this great national tragedy that took place in 1984. This should be an occasion for introspection, to find out how working together as a united nation, we can find new pathways to ensure that such ghastly tragedies never again take place in our country in future. I respectfully submit that this is not achieved by pursuing partisan goals, apportioning blame. And I, as the Prime Minister of this country, have no hesitation in saying that what happened—the death of a great Prime Minister who had served our country with the greatest distinction in peace and war, who brought victory to this country in the eventful days of the Bangladesh War; her death at the hands of her own bodyguards—was a great national tragedy. What happened subsequently was equally shameful. I know for certain, having worked with Indiraji, she would have never approved of any harm coming to a single individual on account of anything that was done to her. We all know the events of 1984, the tragic events in the Golden Temple. There were top-level demands on the Prime Minister to change her Sikh bodyguards and she said, "I would not be worthy of being the daughter of the Indian revolution if I were to start suspecting

people on the basis of their religion or community." Sir, I have no hesitation in saying, and I said it, that what took place after Indraji's death was a great national shame, a great national tragedy. I have seen public statements of the hon. leaders of the opposition saying that I should ask the forgiveness of the country. I accompanied the Congress President to Harmandir Sahib some five or six years ago, when we together prayed, "God give us the strength, show us the way that such things never again take place in our country." I have no hesitation in apologising not only to the Sikh community but the whole Indian nation because what took place in 1984 is the negation of the concept of nationhood and what is enshrined in our Constitution. So, I am not standing on any false prestige. On behalf of our Government, on behalf of the entire people of this country, I bow my head in shame that such a thing took place. But, Sir, there are ebbs, there are tides in the affairs of nations. The past is behind us. We cannot rewrite the past. But as human beings, we have the willpower and we have the ability to write a better future for all of us. This debate serves to focus attention on the quest for that better future, that all our citizens to whichever community they may belong, they should feel they are honoured members of our nation, that they have every right and ability to lead a life of dignity and self-respect as equal citizens of this ancient land of ours with glorious traditions of over 5000 years. If the debate had turned on these events, it would have served its purpose. But reading out extracts sometimes out of context, sometimes in context, does not lead us to those pathways. I started by saying, Sir, that we are discussing the future, the conduct, the aspirations, emotions and fears of a brave community which has played a glowing role in India's history. Ahluwaliaji quoted Guru Nanak but I also know what significant, social economic and societal changes came to this blessed land of Punjab after the advent of our Gurus. No less a person than Dr. Mohammed Iqbal said about Guru Nanak:

"फिर उठी आखिर सुबह तौहीद की पंजाब से,
मर्द-ए-कामिल ने जगाया हिन्द को फिर ख्वाब से।।"

That is the role of the Sikh community at a time when religious bigotry seemed to overwhelm our country. Our Gurus gave us a message of an inclusive society of secularism in practice. Subsequently, Sikh history saw difficult periods and we saw examples of great valour. Guru Gobind

Singh, after he lost all his four sons, his mother and his father did not lose heart and he said and I quote:

"इन पुतरन के सीस पर, वार दिए सिख चार।
चार मुये तो क्या हुआ, जीवत कई हजार।।"

This is our legacy. This, Mr. Chairman, Sir, this is the legacy of this brave community. After a great deal of struggle for the first time, it came to Maharaja Ranjit Singh to expand our frontiers and to show us that our frontiers do not lie in traditional manner. Where defined for India's defence these lie as far as Afghanistan. This is the proud history of this community. During the British times, it was the brave Sikh community which developed the canal colonies of the erstwhile united Punjab, which made Punjab the granary of India. With Partition the Sikhs suffered grievous losses. Our community was divided into two parts. All of them were forced to migrate to this part of the Punjab; and I know hundreds of cases where people came to India bravely with their clothes. They had nothing else to fall back upon. But, they converted that adversity into an opportunity to reconstruct, to rebuild their lives and rebuild the life of our nation. And, we all know how a resource deficit, poor, East Punjab State, once again emerged on the screen of India as the number one State in terms of per-capita income, as the State know for the start of the Green Revolution in our country. I think, attempts have been made by the hon. Opposition Members—and I don't want to quarrel with any one of them on this occasion—to separate the Sikh communit from the great traditions of the Congress Party. I respectfully say to our Opposition Members that the post-partition Punjab would not have been a prosperous State as it is today but for the visionary leadership and support that the people of Punjab received from Shri Jawaharlal Nehru, the first Prime Minister of India. There are no Akali Members sitting here and I do not want to score any points. But, it is also the fact that when that glorious chapter in the history of Punjab was being written, the Akali Dal was busy dividing the people of Punjab on communal lines. I am not scoring any point. History is there. The first Akali Government came to power in Punjab in 1967 and what result it produced, I am not going to talk about that ... (*Interruptions*)

SHRI BALBIR K. PUNJ: Who gave Bhindranwale?

श्री राज मोहिन्दर सिंह मजीठा (पंजाब): उसको आप ऐसे बोलें ...**(व्यवधान)**...

श्री टी॰ एस॰ बाजवा: आप बहुत अच्छा बोले, पर अफसोस होता है कि आपके मुंह से ऐसी बात निकलेगी ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: आप बाद में अपनी बात बोल देना।

DR. MANMOHAN SINGH: Therefore, we are discussing events. We must view them in a proper perspective. Then, came the events of late 70s. There was a nefarious design developed outside our country, as a part of the theory of inflicting on our country a thousands cuts. And out of that, came the sad period in Punjab's history which lasted until the mid-1990s. The events of 1984 are all part of that great tragedy. It took the nation great effort to get Punjab out of that sad chapter. The Sikh community had the vision to fight back the nefarious designs of the enemies of our country to create a situation where there would be a permanent division between the Sikh community and the national mainstream. It took the Sikh community a lot of time to regain its self-confidence after the tragic events of 1984. I have interacted with hundreds and hundreds of Sikh young men who doubted, at that time, whether they had a place in building a prosperous united Indian nation. I went abroad and several young Sikh people—students and teachers—used to come to me with the same questions. And, I think, that would have been a great national tragedy had we allowed the enemies of our nation to bring about a permanent rift between the Sikh community and the national mainstream. I think, it is a tribute to our national leadership of all shades—I am not finding fault with anyone—that defeated the nefarious designs of forces inimical to our country. The Sikh community has regained its self-confidence. I think, today terrorist elements do not sway the minds of our people, the way it was feared in the 1980s. But as someone once said, "Eternal vigilance is the price of liberty". And, I appeal to all the segments of this House, let us not create a situation; let us not use language which will, once again, give a handle to those forces who are inimical to our country's unity and integrity and who play upon the sentiments of innocent Sikh youth. It does no service to the Sikh community. It does no service to our nation. I say so with great respect that some of the things which have been said, they do not promote that objective. I started by saying that we cannot undo the past, but we have an option, today, to build a better future. Let us help the Sikh community get out of that trauma of 1984. Valiant efforts have been made by all our national leadership to achieve that task, and we have

succeeded.Let us not do anything which will reverse that process. You may not like the Congress Party, but who can deny India's history? I mentioned the role of Jawaharlal Nehru. After the tragic events of 1984, the uppermost thing that was in the mind of Rajiv Gandhiji, when he became the Prime Minister, was how to bring the Punjab back into the national mainstream. I recall the first thing that he said to me,when he appointed me the Deputy Chairman of the Planning Commission. He said, "This is my top priority". And, he worked assiduously to end that sad chapter. I know he was asked in a meeting, where I was also present , that in the process, he had harmed the Congress Party; he had handed over the Government of Punjab to the Akali Dal. And , I still recall what Rajivji said on that occassion. He said,"It is immaterial whether the Congress Party wins or loses. What is really of substance is that India should prosper and India should develop." That is the legacy. There were lapses in 1984. Several Commissions have gone into this matter. we all know that we still do not know the truth, and the search must go on. This present Commission is no exception to that.I said in the other House, and I think Nilotpalji also pointed out, that this Commission was not appointed by us .The records of this august House would show how this Commission came to be appointed . A question was put to the then hon. Home Minister about the 1984 riots. A supplementary was, then asked about setting up of a Commission. And , there was some discussion . I was sitting on the other side , at that time, on the Chair where Shri Jaswant Singhji is seated. And, I thought that the Question Hour was not an occasion to discuss such serious issues. So, I did not rise from my seat. After the Question Hour, I walked out. And, what did the then hon. Home Minister state when he went out? He said, "I was to appoint a Commission of Inquiry to go into the 1984 events, but Dr. Manmohan Singh prevented me from doing that". I protested that because that we not true. I speak from my memory, and I hope I am correct. Shri L.K. Advaniji then had to apologise to this House that what he had stated outside was not correct. The Commission was born in circumstances over which we had no control, We had no choice about its terms of reference and we had no choice about who will be heading this Commission. The Report is before us, and one thing it conclusively states is that there is no evidence, whatsoever, against the top leadership of the Congress Party. That lie, which has over the last 21 years been used to poison the minds of the Sikh youth, stands nailed conclusively. There are, of course, individuals mentioned. The Commission

has not come forward with conclusive conclusions. These are in the realm of probabilities. And, I stated yesterday, in the other House, that there is such a thing as perception, there is such a thing as the sentiment of both the Houses of Parliament, and respecting that sentiment, whosoever figures in the Nanavati Report — and the Commission has in its wisdom found it necessary to draw an adverse inference about their conduct or behaviour - —we will reopen those cases. So, that commitment I have given.

One of my colleagues, a valued colleague, has tendered his resignation. That resignation has been accepted.

Questions have been raised about the rehabilitation of the affected families. I recognise that there may have been shortcomings. I have committed our Government to do all that we can to ensure that these widows, children and other relatives who did suffer in the wake of the 1984 riots, whether is Delhi or outside—we have a solemn obligation to help them forget that sad chapter—lead, once again, a life of dignity and self-respect. There are some police officers against whom the ATR has made a mention. There is a normal rule that you can take action against Government officers four years after retirement. Many of them retired many, many years ago. But within the ambit of law, whatever action we can take, we will reopen those cases also if the law of the land permits that.

So, Sir, you have my assurance that our Government stands committed to do all that we can humanly do to go to the root of the problem, that all those individuals about whom the Commission has drawn adverse inferences, suggestions, and recommendations, we will have a relook at them, and that we will provide effective assistance to all the widows, children and the affected families so that they can lead a life of dignity and self-respect. Those police officers, upon whose conduct the Commission has adversely commented, we will see what can be done, we will have a relook at those cases within the ambit of law. In conclusion, Sir, I would, once again, say what I started by saying at the beginning, we are dealing with the past, the present and the future of a very brave community which has bold traditions, which has been a part of our national mainstream, which has contributed far above its proportionate share of our population, in the national freedom struggle, which has contributed, admirably, to the processes of social and economic development in our country, which have, as a result, made Punjab one of the most prosperous States of our country.

Let us do nothing to weaken its spirit of self-confidence and its legacy throughout its history to be the sword arm of Punjab.

I was pained yesterday when one hon. Member in the other House brought up instances where Sikh personnel of the Armed Forces suffered in 1984. Shri Rajnath Singh brought up that sad chapter again. I respectfully submit to you, that was the most painful chapter in the history of our country. By reliving that, by reminding us again and again you do not promote the cause of national integration, of strengthening our nation of sense of security. Please do not play politics with the sentiments of a brave community like the Sikhs.

Sir, with these words, I once again appeal to this House that these events of 1984 should be viewed from a wider perspective. The past cannot be brought back, cannot be undone, but let us, as a united nation, find new pathways to ensure that our nation will never again go through such traumas, whether they are in Delhi or in Gujarat or in any other part of the country. Our minorities, religious, cultural and social, have an honoured place in our Constitution. The founding fathers of our Republic gave us a Constitution of which we can be legitimately proud. And as I said, participating in the debate on my visit to the United States some days ago, wherever I go, people marvel about the polity that India is a country of 100 crores, seeking its destiny, seeking its salvation, in the framework of an open society, an open economy and deep and abiding commitment to the dinity of individuals and respect for all fundamental human freedoms. There have been aberrations. To err is human I can only conclude by saying that all of us should ask forgiveness of those who have suffered in this tragedy. Yesterday, in the other House, I quoted a sentence from *Gurbani,* and my friend, Sardar Balwant Singh, who was the Finance Minister of the Akali Government, a friend of 35 years' standing, who studied with me in college, narrated to me how that period of sadness, of turmoil, ended when Rajiv Gandhi signed the Accord with Sant Harchand Singh Longowal. *Santji* was of two minds. And, then as Sardar Balwant Singh said, he said to me, "Let me seek guidance from *Guru Granth Sahib".* And, both of them went to the upper storey of Sardar Balwant Singh's house and they opened up the page from the *Guru Granth Sahib,* and the first stanza that was on that page was like this.

2.00 P.M.

''होवे इकतर मिल्हु मेरे भाई, दुविधा दूर कराहु लिब लाई''

It means, "Come and join together, oh, my siblings of destiny, dispel your sense of duality, and let yourself be lovingly absorbed in the Lord."

I conclude my speech by appealing to this august House, let the spirit of working steadfastly for national reconciliation, for wiping away tears from the eyes of each and every one of citizens be our guiding principle. It was the firm belief of the Father of our Nation, Mahatma Gandhi, to wipe every tear from every eye. As mortals, human beings, that goal may be not attainable, but that is the inspiration which should inspire us in what we discuss and what we do in this august House. I thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: Thank you Mr. Prime Minister. Kumari Nirmala Deshpande ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह: सर, कोई समय-सीमा तय करेंगे प्रधान मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बाद में आप का उत्तर है, आप जब उत्तर देंगे, उस समय बोल लीजिए। कुमारी निर्मला देशपांडे।

कुमारी निर्मला देशपांडे (नाम निर्देशित): सर, मैं एक विशेष घटना की साक्षी हूं, जिसे आप के द्वारा इस सदन के सामने रखना चाहती हूं। अभी हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भारत की आत्मा को प्रकट किया और बताया कि हम किस देश के वासी हैं।

मैं आपको उस घटना को बताना चाहती हूं जिसको लेकर यहां चर्चा हो रही है। पहली नवंबर को आदरणीया इंदिरा जी की अर्थी के पास हम लोग बैठे थे, हम प्रार्थना कर रहे थे। उस वक्त जिनके नाम यहां लिये जा रहे हैं, ऐसे चंद कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता वहां थे सबकी आखों में आंसू थे। हमारे युवा प्रधान मंत्री राजीव जी वहां आए और उन सब को डांटते हुए कहा, यहां बैठे क्यों रो रहे हो बाहर जाओ और सिखों को बचाने के लिए कोशिश करो। जान भी देने के लिए तैयार हो जाओ उनको बचाने के लिए। जो सारे नाम यहां कहे जा रहे हैं, उनको एक-एक को राजीव जी ने यह कहा जो मैंने स्वयं सुना। कुछ लोग उसी समय चले गए कुछ बाद में चले गए। फिर दोबारा राजीव जी ने डांटा कि यह रोने का वक्त नहीं है, बाहर जाओ और लोगों को बचाओ। यह घटना मैं आपके सामने निवेदन करने जा रही थी। इसके साथ ही मेरे साथ जो कुछ गुजरा उसको भी बयान करना चाहती हूं। सन 2002 में अहमदाबाद में हमारा टिकट कट चुका था। मैं अपने हर धर्म के साथियों के साथ वहां सहायता के लिए सदभावना के लिए पहुंची थी।

(*MR.DEPUTY CHAIRMAN* in the Chair)

तो हमें जिंदा जलाने की योजना बनी थी। वहां हम कैसे बचे, यह सिर्फ परमात्मा जानते हैं। मुझे और कुछ नहीं कहना है, लेकिन मैं बताना चाहती हूं...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: बैठिए । ...(व्यवधान)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)...

कुमारी निर्मला देशपांडे: जाको राखे साईयां, मार सके न कोय। भगवान जिसको बचाना चाहते हैं, उसको कोई नहीं मार सकता। ...(व्यवधान)...मेरे साथ जो घटना हुई, उसको मैं अपने साथियों को बताना चाहती हूं कि ईश्वर की सत्ता महान है। जिसको वे बचाना चाहते हैं, उसके खिलाफ एक हो या हजारों हों, मार नहीं सकते। जिन लोगों ने हमें ईश्वर की सत्ता का भान कराया, उनके प्रति मैं बहुत अहसानमंद हूं।..(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आपके पास पांच मिनट हैं।

कुमारी निर्मला देशपांडे: मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि कुछ लोग प्रभु ईसा मसीह के पास एक औरत को ले आए और कहा कि इसको पत्थर मार-मार कर मार डालना चाहिए। यह औरत बड़ी गलत है। इस पर प्रभु ईसा मसीह ने कहा-''बहन आओ।'' फिर जो भीड़ इकट्ठी थी, उससे कहा ''आपकी बात बिल्कुल सही है। आप पत्थर मार सकते हैं। लेकिन, पहला पत्थर वही उठाएगा, जिसने कभी कोई गलत काम नहीं किया हो।'' उन्होंने यह कहा और धीरे-धीरे एक-एक आदमी खिसकता चला गया। जब सब लोग चले गए तब ईसा मसीह ने उसे उपदेश देकर अपनी शिष्या बनाया। मैं आपके माध्यम से यही निवेदन करना चाहती हूं कि पहला पत्थर उठाने की हिम्मत वही करे, अपने दिल से पूछे कि क्या हम इसके हकदार हैं। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करती हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

श्री उपसभापति: धन्यवाद। श्री राजीव शुक्ल।

श्री राजीव शुक्ल (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद।

श्री उपसभापति: आपके पास 3 मिनट हैं।

श्री राजीव शुक्ल: सर, 4 मिनट हैं। ...(व्यवधान)... उपसभापति महोदय, आज एक बेहद संवेदनशील और गहन मुद्दे पर बहस हो रही है। इस बहस में तमाम वक्ताओं ने अपने विचार रखे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने दूध का दूध और पानी का पानी करके सरकार की नीति को एकदम स्पष्ट कर दिया। उनके लिहाज से जो भी नाम आए हैं और कमीशन की जो भी रिकमेंडेशन है, वह लागू की जाएगी। जब सरकार नानावती कमीशन की सारी-की-सारी सिफारिशों को लागू करने को तैयार है तो मुद्दा क्या बचा? क्या रह गया है? यह बताने की बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। अब आपत्ति किस चीज पर है? जब सारी-की-सारी चीजें लागू हो रही हैं; दस की दसों रिकमेंडेशन्स मान ली गई हैं; जिन लोगों के खिलाफ जो कार्रवाई होनी चाहिए, वह की जाएगी, तो

मुझे नहीं लगता कि इसमें बहस के लिए विपक्ष के पास कुछ बचा है। सरकार ने जो इतना बड़ा ऐतिहासिक निर्णय किया है, निश्चित रूप से वह उसके लिए साधुवाद की पात्र है।...(**व्यवधान**)... मान्यवर, सब जानते हैं और कई वक्ताओं ने भी कहा कि यह कमीशन एन.डी.ए. ने बनाया था। उस सरकार ने बनाया था। अगर तत्कालीन सरकार ने उस कमीशन को कोई सहयोग नहीं दिया, अगर उनको दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, अगर उनको सबूत उपलब्ध नहीं कराए गए, तो उसका रोना आप क्यों रो रहे हैं? आपकी सरकार थी, आपको देना चाहिए था। यह अजीब तमाशा है कि हमारी सरकार, हमने कमीशन बनायी, हमने जज चुना और हम ही रो रहे हैं, हम ही स्यापा कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप क्यों बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... इनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... What is this? ...(*Interruptions*)... यह सही नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...आप क्या बात कर रहे हैं। ... (**व्यवधान**)... आप बैठिए।

श्री राजीव शुक्ल: इसीलिए तो हम इन लोगों के साथ गुजरात मामले पर राष्ट्रपति भवन गए थे। आपके साथ नहीं गए थे। मान्यवर, जहां तक कमीशन की रिपोर्ट है, उसमें सबसे बड़ा दोष एक तो यह है कि वह सिर्फ दिल्ली पर आधारित है। अन्य जगहों पर जो घटनाएं हुई थीं उनको कमीशन ने अपने दायरे में नहीं लिया। एक सबसे बड़ा ड्रा-बैक इस कमीशन के इन्वेस्टीगेशन का यह है। दूसरा ज्योतिष में एक टर्म होता है - शुभाशुभ मिश्र फलकारक, शुभ भी है, अशुभ भी है, मगर इसको देखकर समझ में नहीं आता कि क्या सही है या क्या गलत है। हर जगह, जहां भी उन्होंने रिकमंड किया है, कहा है - मोस्ट प्रोबेबली, संभवत:। यह जो शब्द है, इसका मतलब यह है कि उनका इस बारे में कई जगह रुख स्पष्ट नहीं है, मगर फिर भी उनकी जो रिकमेंडेशन्स हैं, सरकार उनको मानने के लिए तैयार है।

महोदय, सिख समुदाय का जो इतिहास है, उस पर पूरा देश नत-मस्तक है। सिखों ने इस देश के लिए जो किया है, उसके लिए हम सब आजीवन ऋणी रहेंगे और इस देश का एक-एक नागरिक उसके लिए ऋणी रहेगा। उनका जो योगदान है, वह बहुत जबरदस्त है। प्रधानमंत्री जी ने इस घटना के लिए कहा है कि पूरे देश का सिर शर्म से झुक जाता है। सचमुच 1984 में जो कुछ हुआ, मिसेज गांधी की हत्या और उसके बाद के दंगे, उन सबके लिए हम अपने को शर्मिंदा महसूस करते हैं, पूरा देश अपने को शर्मसार महसूस करता है। लेकिन, उन घावों को मत कुरेदो। राजनाथ जी, उन घावों को मत कुरेदो, घावों को हरा मत करो वोट के लिए, माहौल को मत बिगाड़ो। सूप तो सूप छलनी क्या बोले जिसमें 72 छेद। ...(**व्यवधान**)

श्री राजनाथ सिंह: भिंडरावाला का क्या था? ...(**व्यवधान**)

श्री राजीव शुक्ल: जो लोग अयोध्या के बाद के दंगों के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने उड़ीसा में ग्राह्म स्टेंस को जीप में जला दिया, जिन्होंने गुजरात में लोगों को मरवाया, वे लोग भाषण दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति: आप बोलिए, राजीव जी। ...(**व्यवधान**)

श्री राजीव शुक्ल: यह ग्राम पंचायत नहीं है, ग्राम प्रधान की तरह काम मत करो। ... (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति: पाणि जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। क्या करें, आपकी समझ में आता नहीं। ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। यह सही नहीं है। देखिए, आप जरा पार्लियामेंटरी डेकोरम मेंटन करिए। आप रूल्स पढ़िए।

श्री राजीव शुक्ल: मान्यवर, जिस समय यह घटना हुई, उसके बाद का राजीव जी का एक भाषण है। मैं उस भाषण से थोड़ा सा कोट करना चाहता हूं, जिससे सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। राजनाथ जी ने मेरा खास निवेदन है कि वे इस भाषण की तरफ जरूर ध्यान दें-" Some people are casting a slur on her memory by indulging in acts of hatred and violence. Disgraceful incidents of arson, loot and murder have taken place. This must stop forthwith. The Government will ensure the safety of life and property of every citizen, irrespective of his caste,creed or religion. This violence is only helping the subversive forces to achieve their ends. Communal madness will destroy us. It will destroy everything India stands for. As Prime Minister of India, I cannot and will not allow this."

यह थी फर्मनेस राजीव जी की यह थी उनकी दृढ़ता।.... (**व्यवधान**)... शायद उन्ही की वजह से यह सब कुछ थमा। घटनाएं ऐसी होती हैं, जो संभवत: इतिहास में दुबारा नहीं लिखी जा सकतीं, अतीत को लौटाया नहीं जा सकता,लेकिन यह भी समझ रहे कि कौन आदमी आगे बढ़ा और किसने उसको रोकने की कोशिश की । जो कुछ हो रहा था, वह सब गलत था। कोई उसको एप्रूव नहीं करता, कोई उसका समर्थन नहीं करता। लेकिन, उस समय यह उनकी हिम्मत थी कि एक तरफ मां का शव रखा था और दूसरी तरफ उन्होंने इतनी हिम्मत से आगे जाकर पूरे देश से कहा कि यह पागलपन बंद करो यह वहशीपन बंद करो। सेना को उन्होंने तैनात किया, लेफ्टिनेंट गवर्नर्स लगाकर सबको हटाया और शायद यही वजह थी कि तीन-चार दिन के अंदर सब कुछ कंट्रोल हो गया, वरना जो माहौल था, वह खत्म नहीं होता सबको पश्चाताप है, सबको दुख है, किसी के हाथ में कुछ नहीं था मैं भी उस समय तीन मूर्ति में एक जर्नलिस्ट के बतौर कवर करता था और वहां से निकलकर रात

में आ रहा था तो देखा कि एक सिख की पिटाई हो रही थी। मैंने भागकर उसको अपने स्कूटर पर बैठा लिया। उसके बाद भीड़ मेरी तरफ दौड़ी और मैंने ले जाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया तो ऐसा नहीं था, उस समय माहौल ही बिगड़ा हुआ था, किसी के हाथ में कुछ नहीं था। इसलिए कमीशन ने कहा है कि नेतृत्व का कोई हाथ नहीं था। वह एक अजीब वहशीपन था, वह अजीब पागलपन का दौर था, उसमें कोई क्या कर सकता था। लेकिन फर्मनैस से राजीव जी ने आकर इसको रोका। हमको इस पर एप्रूवल नहीं है, नहीं तो मैं सरकार से खुद मांग करता कि इस कमीशन की रिपोर्ट को, जैसा कि वादा किया है, पूरी लागू करें, जो लोग दोषी हैं, उनको सजा दें। यही माननीय गृह मंत्री जी ने कहा है, कल भी संसद में इसे दोहराया है और आज भी प्रधानमंत्री जी ने कहा है। मान्यवर यही हमारा आग्रह है।

मान्यवर, अहलुवालिया जी की बात पर मुझे ऐसा लगा था कि जैसे वे कमल नाथ जी पर इसे घुमा रहे हैं, उस तरफ उन्होंने मोड़ने की कोशिश की है। कमल नाथ जी को तो क्लीन चिट दी हुई है इसमें उनका तो कोई रोल ही नहीं था। वे और वसंत साठे जी तो भीड़ को यह कह रहे थे, कोशिश कर रहे थे कि आप यह मत करो, शांत रहो। तमाम नेताओं, को जैसे निर्मला जी ने कहा, भेजा गया था कि आप जाकर शांति करिए। तो ऐसी सब चीजों मे सबको घसीट लेना उचित नहीं है।

मेरा सरकार से आग्रह है, माननीय गृह मंत्री जी से कि आप जो भी सख्त से सख्त कारवाई हो सकती हो, वह करिए और हम सबको सिख कौम और इस देश के सिखों के इतिहास को भूलना नहीं चाहिए और उनके प्रति अपना मस्तक झुकाना चाहिए। धन्यवाद।

श्री उपसभापति: श्री तारिक अनवर। आपके लिए पांच मिनट का समय है।

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, नानावती आयोग की रिपोर्ट ने एक बार फिर से 84 के दंगों के घाव को कुरेद दिया है, ताजा कर दिया है। यह बात सही है कि आजाद भारत के इतिहास में ऐसी दुखद घटना शायद पहले कभी नहीं हुई और इस घटना से हमारे देश का जो अपमान हुआ, जो देश के सम्मान में एक ठेस लगी, जो दाग लगा, आज भी हम उसकों याद करके चिंतित होते हैं। अभी प्रधानमंत्री जी ने भी अपने भाषण में इस बात को साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा कि कि यह पूरे राष्ट्र के लिए शर्मनाक घटना थी और सारे देशवासी उसकी निंदा करते हैं, सब लोग उसकी निंदा करते हैं।

उपसभापति महोदय, यह बात सही है कि 21 वर्ष पहले जो हुआ, 21 वर्ष गुजरने के बाद आज भी हम उस पर शर्मिंदा हैं और हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि जो लोग उस दंगे से प्रभावित हुए जो पीड़ित परिवार हैं, उनके आंसू किस तरह से पौंछे जाएं। लेकिन, मैं कहना चाहता हूं कि यहां इस सदन में विपक्ष की ओर से राजनाथ सिंह जी ने और फिर बाद में अहलुवालिया जी ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वह अफसोसनाक है। अगर इसी भाषा का इस्तेमाल वे गुजरात के दंगे के लिए भी करते, उसकी भी इस तरह से निंदा करते तो जरूर हमको लगता कि उनकी बात में कुछ सच्चाई है।

लेकिन यह दोहरी बात ठीक नहीं है-1984 के दंगों की तो वे निंदा कर रहे हैं, लेकिन गुजरात में हुए दंगों के लिए जो लोग जिम्मेदार हैं, उनको सिर-आंखों पर बिठाया जा रहा है। इस सदन के अंदर जो चर्चा हो रही है, सारा देश इस बात को देख रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर विषय है, लेकिन इस गंभीर विषय में क्या राजनीति छिपी हुई है, लोग इस बात को अच्छी तरह से समझ रहे हैं। हमारा यह कहना है और जैसा अभी हमारे दूसरे साथियों ने भी कहा है कि इंसाफ सिर्फ होना ही नहीं चाहिए, बल्कि वह दिखना भी चाहिए। पिछले 21 वर्षों में जो भी कारण रहा हो, लेकिन इन दंगों में जो पीड़ित या प्रभावित लोग थे, हम उनको यह विश्वास दिलाने में कामयाब नहीं हो सके कि उनको इंसाफ मिलेगा। इसलिए सबसे जरूरी यह है कि सरकार की ओर से, हालांकि सरकार ने, गृह मंत्री जी ने भी और प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि जो भी नानावती आयोग की रिकमेंडेशंस हैं, हम उनको पूरी तरह से मानते हैं और जो भी इसमें दोषी लोग हैं, उनको सजा मिलेगी, उसमें कोई कमी नहीं होगी, सरकार की तरफ से किसी तरह का पक्षपात नहीं होगा। यह आश्वासन प्रधानमंत्री जी ने भी दिया है, गृह मंत्री जी ने भी दिया है। लेकिन हम यही चाहेंगे कि इसमें अब आगे विलम्ब न हो। एक टाइम लिमिट होनी चाहिए। ATR में आपने कहा है, कि हम ATR में कार्रवाई कर रहे हैं और कानून विभाग से सलाह करके उस पर हम कार्यवाही करेंगे एवं जो भी दोषी लोग हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन चूंकि जैसा मैंने कहा कि 21 वर्ष गुजरने के बाद अगर हम इसमें और विलम्ब करेंगे या और समय लेंगे तो मैं समझता हूं कि कानून व्यवस्था से लोगों का विश्वास उठ जाएगा और सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे देश का जो लोकतंत्र है, उसके ऊपर से भी लोगों का विश्वास उठ जाएगा। हमारे देश का जो लोकतंत्र है, वह इस बात के लिए सभी देशवासियों को, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों, किसी भी धर्म के हों, किसी भी जाति के हों, इस बात का आश्वासन देता है कि उनके साथ इन्साफ किया जाएगा। आज इस बात पर बहुत चर्चा की गई और यह बात सही है कि सिख समुदाय की, चाहे देश की आजादी में हो या आजादी के बाद देश को बनाने में जो भूमिका रही है, उनका जो योगदान रहा है, उससे कोई भी इन्कार नहीं कर सकता है और अगर इस समुदाय के साथ इस तरह का अन्याय होता है या इस तरह की बातें होती हैं तो यह एक बहुत की चिन्ता का विषय है इसलिए हम माननीय गृह मंत्री जी से यह अवश्य चाहेंगे कि समय का निर्धारण किया जाए। आगे आप जो भी कदम उठाने जा रहे हैं, उसके लिए एक समय निर्धारित होना चाहिए क्योंकि अगर इसी तरह से फिर विलम्ब होगा तो प्रशासन से, सरकार से एवं व्यवस्था से लोगों का विश्वास उठ जाएगा।

SHRIMATI SUKHBUNS KAUR (Punjab): Mr. Deputy Chairman, Sir, this morning, when it was decided that there will be a discussion in the House on this issue, I was sitting here with a very, very heavy heart. My heart was full of grief, my heart was full of sorrow, and what happened 21 years ago, in 1984, it came back to me.

Ahluwaliaji was saying that there were four Sikhs who were going to speak. No, there are five. I am a Sikh, Sir, and I am proud to be a Sikh. I am proud of the history of the Sikhs. The history has shown that whether it was the Independence, whether it was the wars, and, whether economically, the Sikh community has made its contribution and has been a part of this country. I believe that my brothers want to be a part of this country and nobody can take away our patriotism in any way.

Sir, as the Prime Minister also said, we all agree that what happened in 1984 was a national tragedy, and, I, as a Sikh, hang my head in shame. I was here. I went through all of it. I visited some of the areas but I don't want to repeat those things that happened. It is the past, and, as the Sikh community, we have learned to live with tragedies and move on. After hearing the speech of the hon. Prime Minister, there is actually not much that I would like to say. He has said something about the compensation. Hon. Home Minister is sitting here and I would like to say that the compensation that is being promised should be given to all the victims, whether they were in Delhi or any other part of the country, and, it should be given immediately. A time-frame should be fixed and the Parliament should be informed whether this has been done or not. I think that will help a great deal. Secondly, Sir, regarding the Action Taken Report, the Prime Minister has already mentioned that they are going to reopen the cases. In that again, I would say that the Sikh community is still hurt, there is no doubt about it. Maybe, after hearing the Prime Minister, today, they are feeling better, like I am feeling better today. But, I think, for these cases also, there should be special courts and it should be time-bound. Then only, the people, the Sikh community, will feel that the Government is really seriously thinking and wanting to do something about it. Sir, Ahluwaliaji spoke. I was very surprised. He had been with the Congress and now he is with the BJP. I think, it is not time to speak in such a tone. It is the time to heal the wounds. It is the time when all of us should get together. It is not a matter of only the Sikh community. In our democracy, where we have over a hundred crore of people, tomorrow, it can happen to the Muslims, it can happen to any other community. So, our commitment should be, whichever minority is there is this country, it should feel safe and if an incident like this happens, those who are resposible for this, should be brought to book. Sir, I once again appeal to the Home Minister that both compensation and action should be taken immediately. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Tarlochan Singh. You have four minutes.

श्री तरलोचन सिंह (हरियाणा): माननीय उपसभापति जी, आपने पहले ही टाइम मुकर्रर कर दिया है।

श्री उपसभापति: मुकर्रर हुआ है, it is already decided.

श्री तरलोचन सिंह: सर, मैं समझता हूं कि यह दो दिन से बहस हो रही है और जिस मुद्दे पर बहस होनी थी वह मुद्दा तो जमीन में नीचे दब गया और दो दिन राज्य सभा और लोक सभा में हम नए-नए पॉलिटिकल स्लोगन, पॉलिटिकल बैटल्स एक दूसरे को रन डाउन करने की बात में वे बेचारे जो उन दंगों में हजारों मरे और जिसमें आज तक एक आदमी को भी पनिशमेंट नहीं हुई तथा इस मुद्दे को तो हम भूल ही गए। कोई गोधरा कह रहा है, कोई गुजरात कह रहा है, कोई बी॰ जे॰ पी॰ और कोई कांग्रेस की बात कर रहा है। हमें तो सिर्फ इससे वास्ता है कि देश के जो नागरिक मरे, उनके बारे में सरकार ने एक लफज़ नहीं कहा। प्रधान मंत्री जी ने कल कहा कि हम ट्रुथ को ढूंढेंगे। 21 साल लग गए और अभी तक हम ट्रुथ के नजदीक नहीं आए। नौ कमीशन बने। नानावती कमीशन में मुझे यह लगता है कि lurking fear था उसके मन में, ट्रुथ के नजदीक आकर फिर वापिस चले गए। मैं रिपोर्ट नहीं पढ़ना चाहता, क्योंकि अब सब कुछ आ चुका है। दो जगह उन्होंने लिखा है, हाउस के सभी मेंबर्स के पास कॉपी है, वे जरा पढ़ लें। पहली बात यह कि यह सिखों पर आर्गेनाइज्ड हमला था दूसरे, लोगों को यह पता था कि पुलिस इन एक्शन होगा, पुलिस एक्शन नहीं लेगी and who gave this order? इस पर आकर वे भी चुप हो गए और हम इस बात को सुनने के लिए तैयार नहीं। तीसरी बात, इतने बड़े स्केल पर without some powerful person above यह कैसे हो गया, यह नानावती कहकर आगे चुप हो जाता है। सर, हमें सबको अफसोस था, इन्दिरा गांधी जी सारे नेशन की लीडर थीं, सभी दुखी थे। लेकिन हमें बड़ी हैरानगी है कि यह कैपिटल में हो। हमने कभी नहीं कहा कि राजीव गांधी जी ने यह कराया, आज तक ऐसा किसी सिख ने नहीं कहा और हमें नहीं समझ आती कि सारी पार्टियों कह रही है कि हाईकमान बच गई, हाइकमान के खिलाफ कुछ भी नहीं आया। हमने तो कभी कहा ही नहीं, किसी सिख ने आज तक नहीं कहा कि प्रधान मंत्री जी का इंवोल्वमेंट है। लेकिन प्रधान मंत्री जी की कोटरी, प्रधान मंत्री जी के साथ जो अमला है जिन्होंने टीच लैसन कहा, वह कहां गई, सब जिन्दा हैं, उपसभापति जी, मैं तो दो-तीन बातें कह कर बैठता हूं। बात बड़ी क्लिअर है। एक मेम्बर बात कह रहे थे बहुत लम्बा अरसा हो गया। मैं सिर्फ यह कहता हूं कि सिख कभी भूलता नहीं है, हम तो कभी नहीं भूलेंगें। हमारी तो अरदास में आज भी अबदाली के और दूसरे जो हमलों में हम शहीद हुए, वह हर रोज हम गुरूद्वारे में पढ़ते हैं। भूलने की कोई बात नहीं है। अभी थोड़े दिन पहले की अर्जेन्टीना की बात है। अर्जेन्टीना के जो टिनाचे लंदन रहते थे जुल्म करके अर्जेन्टीना से भाग गए। हाउस ऑफ लार्ड्स ने उनको पकड़वाकर सजा दे कर वापिस अर्जेन्टीना भेजा। यह अभी दो महीने पहले की बात है। बोत्सवानिया

में क्या हुआ, बोत्सवानिया में मुसलमानों पर जुल्म हुआ। बोत्सवानिया के राष्ट्रपति को आज वर्ल्ड कोर्ट में बैठाकर पूछा जा रहा है। क्यों किया जा रहा है? उसके अलावा नाजियों ने Jews को मारा था, उस बात को 60 साल हो गये और आज तक लीडर्स को पकड़-पकड़ कर सजा दी जा रही है। ये बात भूलने की नहीं है, दोषी को कोई छोड़ता नहीं है। आज नहीं, कल नहीं, मेरी तो आपसे और आपके माध्यम से बात बिल्कुल क्लियर है कि सच्चाई को ढूंढने में सरकार तैयार नहीं है, सरकार सिर्फ यह बात कह देती है कि देखेंगे, हम करेंगे, but no one is satisfied. सारी सिख कम्युनिटी, I must go on record here, सारी दुनिया के सिख, चाहे वे कहीं बैठे हैं, पिछले तीन दिन से सड़कों पर आये हैं। यह साबित करता है कि हर सिख, after this Report and Government of India's action, is not happy. हमारी तो इस हाउस से और आपके माध्यम से सरकार से विनती है, आप दो बाते करिये। हमें नहीं पता, क्योंकि सारा रिकॉर्ड पुलिस ने डिस्ट्राय किया है, पुलिस जुल्म वालों के साथ थी, कोई एफआईआर नही है। मुझे पता है कि किसी इन्वेस्टीगेशन पर सजा नहीं मिल सकती। कोई आदमी जेल नहीं जायेगा, न आज तक गया है। इसलिए सरकार दो बातें करे। जैसी कि नेल्सन मंडेला ने कीं। जब साउथ अफ्रीका आजाद हुआ, तो उन्होंने पहली कमेटी बनाई, उस कमेटी का नाम था, "ट्रूथ एंड रिकांसिलिएशन।"

आइये, आप उठिये, हम सिख किसी को सजा नहीं देना चाहते हैं, सिख इस बात में बिलीव करते हैं कि जो माफी मांगे, उसे माफी देते हैं। लेकिन जो दोषी हैं, वे खडे होकर कहें कि हमने जुल्म किया है, हम माफी मांगते हैं। हम उनको माफ कर देंगे, पहली बात। दूसरी बात यह है कि सरकार सिंसियर होकर, पार्टी-पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर, उन तमाम लोगों के खड़े होकर नाम ले, ये दोषी हैं, माफी मांगते हैं। यही हमारी मांग है। प्रधान मंत्री जी ने अभी माफी मांगी। इस पार्लियामेंट में, दोनों हाउसेज में हमने जब भोपाल में गैस की ट्रेजडी हुई, तो यहां हमने शोक प्रस्ताव पास किया। अभी लंदन में जो कुछ हुआ, उसके लिए भी क्या इस हाउस को साफतौर पर सिखों से माफी मांगनी चाहिए? दोनों हाउसेज में, पार्लियामेंट में सरकार एक रिजोल्युशन लाये कि हम अपॉलॉजी मांगते हैं, जो उस वक्त की सरकार थी एक कंटीन्युअस प्रोसेस हैं। हमें नहीं पता कि कांग्रेस, बीजेपी कौन है? मैं तो साफ बात करता हूं कि सरकार हाउस में एक रिजोल्युशन लाये कि हम माफी मांगते हैं और दोनों हाउसेस में उसके लिए माफी मांगिये और यह कहिये कि जो कुछ हुआ, यह गलत हुआ। ...(समय की घंटी)... पार्लियामेंट में, दोनों हाउसेस में प्राइम मिनिस्टर इसको मूव करें, इससे एटलीस्ट सिख सोसायटी को यह फील होगा कि देश हमारे साथ है।

सर, मैं एक बात और कहकर बैठता हूं। सिखों की बड़ी तारीफ की गई है। हम खुश हैं, बढ़िया है। लेकिन एकाध बात मैं आप सबको याद कराना चाहता हूं 1947 में सिखों के पास आप्शन थी हम पाकिस्तान में रहें या यहां आयें। यह रिकॉर्डिड चीज है, यह सारे ब्रिटिश डाक्युमेंट्स में छप चुका है। M.A. Jinnah gave blank cheque to Master Tara Singh आप जो मर्जी लिखो,

पाकिस्तान में रहो। लेकिन सिखों ने डिसाइड किया, वी गो टू इंडिया। हमारा घर वह था, हमारी जन्मभूमि पाकिस्तान है, हमारे गुरू नानक का बर्थ प्लेस ननकाना साहिब है। हम लाखों लोग मरे पिटे हम भारत में आये। Because of Master Tara Singh, who was the leader of the Sikhs, आधा पंजाब डिवाइड होकर इंडिया में आया, वरना पाकिस्तान की हद गुड़गांवा होती, अगर सिख चाहते तो। लेकिन सिखों ने देश का साथ दिया और पंजाब को बांटकर आधा पंजाब आपके पास दिया, हम मरे। हम यह कोई एहसान नहीं जता रहे हैं, because we are with the people of India... (समय की घंटी)... हम कभी पीछे नहीं हटे, लेकिन हमें बड़ा अफसोस है। जब हमें मारा गया तो उसमें पॉलिटिक्स आ गयी और कोई कुछ बात कहता है, कोई कुछ बात कहता है। आज भी सिख psyche हर्ट हैं आज चाहे जितने लेक्चर कर लो, जो मर्जी कह लो, यह भूलने वाली बात बिल्कुल नहीं है, इसे कोई नहीं भूलेगा, सदियों तक नहीं भूलेगा, बावजूद इसके कि दोषी को सजा नहीं हो सकती। हम चाहते हैं कि भारत सरकार और भारत के लोग इतने बड़े हादसे को जो देश के माथे पर कलंक है, सारी दुनिया में भारत की बदनामी इसी बात पर हुई है कि आपने दिल्ली में क्या किया। इसलिए इसके साथ इफ, बट न लगाओ कि इसके बाद क्या हुआ, इसके पहले क्या हुआ। इश्यु पार्लियामेंट के सामने यह है कि कमीशन ने क्या किया, वैसे मैं कमीशनों के हक में नहीं हूं। कमीशन तो सरकार टाइम जाया करने के लिए बनाती है, to avoid public fury.

श्री उपसभापति: अब आप समाप्त करिये।

श्री तरलोचन सिंह: कमीशन क्या करते हैं, ये आपके सामने आर्काइव्ज में जाते हैं। आज तक हमारे दफ्तर में 40-50 कमीशनों की रिपोर्टें पड़ी हैं मेरे सब भाई माइनॉरिटीज वाले बैठे हैं, जितने भी कमीशन माइनॉरिटीज के लिए बने हैं, आज तक किसी पर ऐक्शन नहीं हुआ इसलिए कमीशनों पर कोई ऐतबार न करो। यह सरकार एक तरीके से टाइम लेना चाहती है, इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री उपसभापति: श्री दिग्विजय सिंह। आपके चार मिनट हैं।

श्री दिग्विजय सिंह (झारखंड): उपसभापति जी, इंसान अकेला रहता था लेकिन जब वह अकेला नहीं रह पाया तो उसने समाज बनाया और जब समाज से भी उसका काम नहीं चला तो उसने राज्य बनाया और राज्य को यह हक और अधिकार दिया कि अगर हमसे गलती हो जाए तो हम पर गोली चला देना, हमसे गलती हो तो हमें जेल भी भेज देना, लेकिन उसके बदले में राज्य से एक उम्मीद इंसान ने की थी कि राज्य उसके जीवन की बुनियादी हिफाजत करने का काम करेगा। मुझे लगता है कि जो 1984 का दंगा है, उस दंगे में यही बात असफल हो गयी कि राज्य अपनी बुनियादी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं कर पाया। जो हुआ और जिसके बारे में अभी हमारे

माननीय सदस्य श्री तरलोचन सिंह जी अपनी बात कह रहे थे कि यह मामला सिर्फ, किसका नाम था, किसको पकड़ा जाए, किसको मंत्री पद से हटाया जाए, यह सिर्फ वहां समाप्त होने वाली चीज नहीं है यह मामला तो वहां तक पहुंच गया है जहां लोगों का जज़बात, जिसको हम सब लोग दिल से जोड़ते हैं, वहां यह मामला पहुंचा हुआ है और उसको कैसे, सदन के माध्यम से देश के लोगों के इस विश्वास को परिवर्तित किया जाए जहां पर वह घाव भर जाए। अब 21 साल के बाद यह सजा लोगों को सुनाई जा रही है। 21 साल बाद यह बात कही जा रही है कि अमुक दोषी है, अमुक पर यह सजा होनी चाहिए। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से यही कहना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री जी, आपने कदम उठाया, थोड़ा सा लोगों को विश्वास हुआ कि आप कुछ हद तक उन कामों को कर सकते हैं जिन कामों से इस देश की एकता और अखंडता बरकरार रहे। यह बात सही है कि सिखों का इतिहास इस देश में त्याग का इतिहास रहा है, बलिदान का इतिहास रहा है। हमें फख्र है कि उसी समुदाय में भगत सिंह जैसा वीर पैदा हुआ जिसके जेल में बंद होने पर उनके पिताजी को जब कुछ लोगों ने कह दिया कि जाओ, भगत सिंह से कहो कि वायसराय से माफी मांग ले, उसकी सजा-ए-मौत माफ हो जाएगी। बाप का दिल नहीं माना, जेल चला गया और जेल में जाकर कहता है कि बेटा, वायसराय से माफी मांग ले। तब भगत सिंह का जवाब था कि पिताजी, अगर मैं आपके खून से पैदा नहीं हुआ होता तो मेरे बाजू में आज भी इतनी ताकत थी कि अगर कोई दूसरा आदमी यह बात कहता तो मैं उसकी गर्दन इसी शिकंजे में अपने हाथ से पकड़कर तोड़ देता। यह था साहस का काम और यह था वीरता का काम। यह काम सिख समुदाय के लोगों ने करके दिखाया है, और जैसा तरलोचन सिंह जी कह रहे थे कि अगर उनका दिल टूटता है तो हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए कि उनका दिल न टूटे और एक कदम से अगर कुछ विश्वास अर्जित हुआ है तो इस सदन ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं। मैं उन सुझावों का जहां एक ओर समर्थन करता हूं वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी से यह आग्रह करना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री जी, आप किसी दल के नेता नहीं है। जब एक बार आपने संविधान की कसम खा ली कि भारत के संविधान की इज्जत और गरिमा के आप रखवाले हैं तो आपका यह दायित्व और धर्म बनता है कि आप न सिर्फ दोषियों को सजा दें, न सिर्फ दोषी पकड़कर जहां उनकी उचित जगह है, वहां भेजें बल्कि साथ ही साथ आपको यह भी बताना होगा और नानावती आयोग की रिपोर्ट एक ऐसा हथियार है, प्रधानमंत्री जी, जो आपके हाथ में दिया गया है कि आने वाले दिनों में इसका आधार बनाकर किसी भी दूसरे आदमी, चाहे वह कितने भी बड़े पद पर क्यों न बैठा हो, उस व्यक्ति को भी सजा दिलाई जा सकती है। मुझे लगता है कि नानावती आयोग के इस हथियार का इस्तेमाल प्रधानमंत्री जी को करना चाहिए और यह सब सिर्फ कहने के लिए नहीं होना चाहिए। केवल मंत्री पद से हटा दिया – राजनाथ सिंह जी ने ठीक कहा–किन्तु आपके वही लोग संसद सदस्य भी बने बैठे हुए हैं, वहीं लोग आपके दल में हैं। जिस दल के आप नेता हैं, उस दल में अगर वही लोग रहें तो आपकी इज्जत बरकरार नहीं रह सकती। इसलिए जहां एक ओर आप प्रधान मंत्री हैं,वहीं दूसरी ओर आप उस दल के नेता हैं। इसलिए आपका व्यवहार नेता और

प्रधान मंत्री दोनों की हैसियत से ऐसा होना चाहिए ताकि नानावती आयोग की रिपोर्ट में जो बात कही गयी है-मैं जख्मों को कुरेदना नहीं चाहता लेकिन यह बात भी सही है कि जो कुछ 1984 में हुआ, उसके पीछे किन-किन लोगों का हाथ था, अगर उसका जिक्र हम करें तो लोगों के जख्म भरने के बजाय और बढ़ेंगे। इसलिए मैं उन बातों की तरफ न जाकर सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि यह मौका है, इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए और फायदा उठाते हुए दल के अंदर से भी लोगों का सफाया होना चाहिए। ऐसे लोगों को भारतीय राजनीति में कोई जगह नहीं मिलनी चाहिए जो लोग दंगे के दोषी लोग हैं और साथ ही साथ जितनी जल्दी हो सके, सजा का इंतजाम प्रधानमंत्री जी को करना चाहिए। अगर विलम्ब हुआ-21 साल एक लम्बा समय है, दो-दो डिकेड्स जिसको आप कहते हैं, यानी दो युग समाप्त हो गए। अब इसको ज्यादा नहीं बढ़ाना चाहिए और जितना जल्द हो सके, सजा दिलानी चाहिए और भविष्य में ऐसा काम न हो, इसलिए नानावती आयोग की रिपोर्ट को सख्ती से लागू किया जाए, मैं इतना ही कहना चाहूंगा, धन्यवाद।

श्री राज मोहिन्दर सिंह मजीठा: उपसभापति जी, आपने मुझे नानावती कमीशन की रिपोर्ट पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद। इंदिरा जी की हत्या 31 अक्टूबर, 1984 को, उसके दो सिक्योरिटी गार्डों ने जज़बात में आकर कर दी। इस घटना के बाद कहीं-कहीं कुछ घटनाएं हुईं फिर, जैसाकि नानावती कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक कई जगहों पर कांग्रेस के लोगों ने, जैसे उस रोज टाइटलर साहब, सज्जन कुमार, धर्मदास शास्त्री, एच॰के॰एल॰ भगत जी का नाम लिया है, जब उन्होंने लीड दी, तो ये दंगे बहुत ज्यादा बढ़ चुके थे, तीन लाख से ज्यादा लोगों की हत्या की गई। दंगाई नारे लगा रहे थे - सरदारों को मार डालो, खून का बदला खून। दंगाकारियों ने सिखों के पवित्र गुरुद्वारे को भी नहीं बख्शा। वह गुरुद्वारा कौन-सा था? जहां गुरु तेग बहादुर जी का हिंद की चादर का संस्कार दिया जाता था और उस गुरुद्वारे में जो लोग थो, उनको भी खत्म कर दिया गया। दंगाकारी इतने हौसले में थे, क्योंकि उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। हिंदुस्तान के नामवर नेता राम विलास पर पासवान जी के घर पर हमला हुआ। उनके गैरेज और कार को आग लगा दी गई। उनके घर जो सरदार छिपा हुआ था, उसे भी कत्ल कर दिया गया। वह कौम, जिसके बारे में, देश की राजधानी में, सिखों का इतिहास सुनहरी लफ्ज़ों में लिखा गया है। 1947, 1965 और 1971 की लड़ाइयां पाकिस्तान के साथ हुईं जिस बहादुरी से सिख रेजिमेंट लड़ी, इतिहास में लिखा हुआ है, लेकिन इन दंगों के बाद लोगों ने सिखों की sincerity पर शक करना शुरू कर दिया। उसके बाद कारगिल की लड़ाई हुई। कारगिल की लड़ाई एक ऐतिहासिक लड़ाई थी, क्योंकि उनकी फौजें ऊपर थी, हमारी नीचे थीं। लड़ाई का तनासुब 6:1 का था। हमारे 6 शहीद होने थे, उनका एक होना था, पर फिर भी जो बहादुरी सिख कौम के नौजवानों ने दिखाई, आज इतिहास उसका गवाह है। नादिरशाह, अब्दाली, इनके हमलों को किसने रोका? सिखों ने।

उपसभापति जी, पाकिस्तान के साथ जब 1965 की लड़ाई हुई, उसका जिक्र मैं जरूर करना चाहूंगा। किसी के दिमाग में नहीं था कि पंजाब के बॉर्डर पर लड़ाई होगी। जब छम्ब सैक्टर में

पाकिस्तान को ऊंची पोजिशन हासिल थी और वे हमारी जम्मू-श्रीनगर की लैंड जो है, वहां रोड काट रहे थे, इस कारण हमला हुआ, रातोंरात हमला हुआ। फौजों के पास चार-पांच दिन का राशन भी नहीं था। हमारी नौजवान बेटियों ने, गांव की नौजवान बेटियों ने राशन पकाकर फौजों को उनके अड्डों पर जाकर दिया। उपसभापति जी, यह हमारी छोटी-सी कहानी है। सर जो सलूक हमारे साथ हुआ है, ऐसा सलूक दुनिया के किसी भी कोने में देखने को नहीं मिलता। सीमा पार से जो लोग आते थे, उनको भी हमने रोका और महाराजा रंजीत सिंह जी ने एक सल्तनत कायम की, जिससे अंग्रेज भी डरते थे और के पार की रियासतें भी डरती थीं। चेयरमैन साहब, डा॰ मनमोहन सिंह जी प्रधान मंत्री बने....(**समय की घंटी**)... बस एक मिनट। हर सिख के घर में खुशी हुई। हम लोगों ने दीप जलाए। हमें उनसे आशा थी कि आज जिन दगों पर बहस हो रही है, उसमें अकालियों का नाम नहीं लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अकालियों की सरकार बनाई, क्या सरकार बनाई। संत लौंगोवाल एक भले मानस आदमी थे। उनके साथ एक समझौता किया। उसका क्या असर हुआ, संत लौंगोवाल को तो अगले दिन ही शहीद कर दिया गया। जो मदें उस समझौते में थी, चंडीगढ़ पंजाब को देंगे, पंजाबी इलाके पंजाब को देंगे, आज तक अमल नहीं हुआ है। डिप्टी चेयरमैन साहब, अभी होम मिनिस्टर साहब भी चले गए हैं। प्रधानमंत्री जी का भाषण, सबके भाषण के बाद होना चाहिए था क्योंकि हर भाषण करने वाले का दिल करता है कि प्रधानमंत्री जी को सब बातें बोल दें। इन दगों के बाद जो कुछ हुआ, सारी कौम के दिल पर उसका गहरा असर है। 'फादर ऑफ दि नेशन' महात्मा गांधी जी को नाथूराम गौडसे ने मारा। वह मराठा था। उसके बाद किसी मराठे को कत्ल नहीं किया गया। राजीव गांधी जी को एल॰टी॰टी॰ वालों ने कत्ल किया। उसके बाद एक भी एल॰टी॰टी॰ वाले को किसी ने कत्ल नहीं किया। यहां पर जज्बात में आकर जिसका घर ही खत्म कर दिया जाए, अकाल तख्त, दरबार साहब और हरमिन्दर साहब, ...(**व्यवधान**)... जो नौजवान जज्बात में आ गए....(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप समाप्त कीजिए, क्योंकि मैंने आपको तीन मिनट ज्यादा दे दी हैं।

श्री राज मोहिन्दर सिंह मजीठा: उसकी सजा सारी सिख कौम को दी गई। हमारे दिल में यह सदा रोष रहेगा। डिप्टी चेयरमैन साहब, आखिर में, मैं आपसे फिर दरख्वास्त करता हूं जो भी रेकमेंडेशन्स आई हैं, उससे भी ज्यादा जो लोग इन दंगों में खत्म हो गए हैं, उनको पूरा एवजाना दीजिए। जैसा आपने वायदा किया है कि जिन घरों के लोग दंगों में खत्म हो गए हैं उनके लोगों को नौकरी दीजिए। यही मेरा आपसे निवेदन है। इसी के साथ में आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री वरिन्दर सिंह बाजवा: उपसभापति महोदय, मैं वे बातें नहीं दोहराना चाहता कि देश की खातिर सिखों की कितनी बहादुरी है, कितनी कुर्बानियाँ की, सिख गुरुओं की कितनी बड़ी कुर्बानी है, जिन्होंने इस देश की खातिर अपना सर्वस्व वार दिया। सिख फौजियों की भी बहुत बड़ी कुर्बानी

हैं, जिन्होंने इस देश की कुर्बानी को कायम रखने के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दीं। उसके अलावा पंजाब के लोगों ने, पंजाब के सिखों ने ग्रीन रेवोल्युशन में बहुत बड़ी प्राप्ति की और देश के अनाज के भंडार को भर दिया। केवल पंजाब में ही नहीं, पंजाब से बाहर भी जो सिख हैं, चाहे वह तराई का इलाका है, चाहे मध्य प्रदेश का है या किसी और प्रांत का है, वहां भी जाकर उन्होंने मेहनत की। आप देख सकते हैं कि जहां सिखों के खेत हैं, वहां खुशहाली है, वहां पर उन्होंने कितनी मेहनत की और बाकी लोगों की कितनी खुशहाली है। अगर हम सिखों की मेहनत, उनकी सिनसेरिटी, डेडिकेशन का अंदाज लगाएं, तो मैं समझता हूं कि इस पर सारा दिन बोला जा सकता है। बात यह है कि इसके बावजूद बेइंसाफियां होती रही। एक ही नहीं, 1947 में भी जो इतना जुल्म हुआ था सबसे ज्यादा उसे सिखों ने सहा। उनके जाल-माल का नुकसान हुआ, यहां उनकी प्रॉपर्टी आधे से भी कम मिली, उनका फाइनांसियली भी नुकसान हुआ। उनमें पंजाबी लोग भी हैं ...(व्यवधान)... इतना बड़ा नुकसान उठा कर, फिर उन्होंने पंजाब में आकर इस देश की खातिर मेहनत की, फौज में भी और किसानी तौर पर भी। जो पंजाबी, सिख हैं, हिन्दुस्तान की बेहतरी के लिए, इसके भविष्य के लिए उन्होंने हर क्षेत्र में डट कर काम किया है। पर बड़े अफसोस की बात है कि यह जो 1984 के दंगे की बात हो रही है, बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि हम बात करते हैं, जब कमीशन ने भी रिपोर्ट दी है कि कांग्रेस पार्टी के लीडर इंवाल्व हैं, तो मेरे जितने साथी हैं, वे गुस्से में आ जाते हैं। हमें यह सुनना चाहिए। मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि क्या किसी और पार्टी का भी नाम आया है, एक नाम तो बताइए। अगर हिन्दु के मन में कोई गुस्सा होता, तो पंजाब में भी दंगे होते, मैं यह नहीं कहता। पंजाब में सिखों की मेजोरिटी हैं किसी ने अपने वीरों को गाली तक नहीं दी और प्यार से भाई-भाई कह कर रहते रहे। इसके अलावा जहां कांग्रेस की सरकारें थीं, वहीं प्लान करके कत्लेआम किया गया, जीनोसाइड किया गया। जहां नन-कांग्रेस गवर्नमेंट थी, बंगाल की बात कर लीजिए, वहां एक भी सिख को हाथ नहीं लगाया। अफसोस से कहना पड़ता है कि यह क्या प्रोग्राम था, क्या हो रहा था?

प्राइम मिनिस्टर साहब बात करके गए हैं, उन्होंने बहुत अच्छी बातें भी की हैं। खुशी की बात है। मैं यह समझता हूं कि वे महसूस करते हैं कि वाकई यह सच्चाई है, उन्होंने देखा है, पर कई बातों से वे मजबूर हो जाते हैं। मैंने कल भी उनका भाषण सुना, आज भी सुना। मजीठा साहब ने ठीक कहा कि जब डा॰ मनमोहन सिंह प्राइम मिनिस्टर बने थे, तो सारी दुनिया के सिखों में खुशी की लहर बनी थी और कांग्रेस पार्टी को भी यह क्रेडिट गया था कि एक छोटी-सी माइनोरिटी के इंसान को प्राइम मिनिस्टर बनाया गया। यहां तक कि हम अकाली पार्टी वालों ने भी बधाई दी और खुशी महसूस की थी कि सिख सम्प्रदाय का इंसान आज देश का प्राइम मिनिस्टर है। पर बड़ा अफसोस होता है कि वे आज हमारी बात करते हैं, अकाली दल की बात कह रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल (समय की घंटी) हमेशा ही देश की एकता, अखण्डता में विश्वास करता है। हमने अपने प्रधान संत

हरचंद सिंह लोंगोवाल की कुर्बानी दी, तारा साहब को गोली लगाई गई और इसके बाद जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी, उन्हें गोलियां लगाई गई। हमारे और कई लोग टेररिस्टों की गोलियों का शिकार हुए। हमने टेरोरिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। हम सारे सिक्युरिटी लिए फिरते हैं और टेरोरिस्ट चाहते हैं कि शिरोमणि अकाली दल के जो लीडर हैं, इन्हें खत्म करो, ये हमारे बीच एक रुकावट हैं। मैं पूछना चाहता हूं, विदेश मंत्री भी बैठे थे, होम मिनिस्टर भी बैठे हैं, बयान भी दें तो तसल्ली नहीं हुई कि आपके कैप्टन अमरिंदर सिंह, जिनसी गुलजार, जो टोरंटो में है, वहां खालिस्तान की स्टेज पर सरोपे लेते हैं, पीछे बोर्ड लगा है और गवर्नमेंट स्टेप नहीं लेती। (समय की घंटी) बड़े अफसोस की बात है। कौन टेरोरिज्म को बढ़ावा देता है? क्या हम देते हैं? प्राइम मिनिस्टर साहब को क्या इसे रोकना नहीं चाहिए था? प्राइम मिनिस्टर को यह कहना नहीं चाहिए कि आप वहां क्यों गए? मैं भी वहां गया था, पर हम उस गुरुद्वारे में नहीं गए। हम वहां जाते हैं, जहां सेक्युलरिज्म की बात होती है, जहां देश की एकता की बात होती है। हम वहां नहीं जाते, जहां टेरोरिज्म की बात होती है या खालिस्तान की बात होती है। कौन इसे करता है? किसने भिंडरावाले वाले को क्रिएट किया? क्या यह छिपी बात है?

श्री उपसभापति: आप का समय समाप्त हो गया। अब conclude कीजिए।

श्री वरिन्दर सिंह बाजवा: आप ने हमेशा उन को बढ़ावा दिया। प्राइम मिनिस्टर साहब, मैं यही कहना चाहता हूं। हम ने आप का भाषण सुना। हम देश की एकता, अखंडता में विश्वास करते हैं और हमारे शिरोमणि अकाली दल की बहुत बड़ी कुर्बानी है। सर, हम उन से यही आशा करते हैं, हमें उम्मीद भी है कि आप अपने मन को बतौर सिख टटोलिए कि आप क्या फील करते हैं? कल सड़कों पर वे विधवा औरतें रो रही थीं, क्या आप का मन नहीं पसीजता? क्या आप का मन नहीं कहता कि कहीं गलती हुई है? ये दंगे कहीं न हों, अगर आप एक बार इंसाफ कर दो, अगर आप एक बार उन को सजा दो फिर चाहे वे कितने भी बड़े आदमी हों। यहां कांग्रेस के बड़े लीडर्स बैठे हैं, आप का नाम क्यों नहीं आया? आप अपनी पार्टी को बचाइए। आप उन लोगों को क्यों बचा रहे हैं जो कलंकित हैं, जो देश को बदनाम कर रहे हैं, पार्टी का नुकसान कर रहे हैं? उन को सजा दीजिए, तब सारी दुनिया के सिख लोग कहेंगे कि आप ने अच्छा काम किया है। मैं प्राइम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं, प्राइम मिनिस्टर से भी बड़ा इंसान होता है। इस से हिस्ट्री बनती है, आप को मौका मिला है। आप सिखों का दर्द महसूस करते हुए उन कातिलों को सजा दिलवाइए जो कमेटी ने, कमीशन ने अपनी रिपोर्ट दी है, उन को लागू कीजिए। आप इस ए॰टी॰आर॰ को अमेंड कीजिए और उन लोगों को सजा दीजिए। यही मैं आप से कहना चाहता हूं। वह बड़े शरीफ आदमी हैं और उनका काम भी बढ़िया हैं। मैं समझता हूं कि वह काबिल हैं और हमें फख्र होता है और खुशी होती है, मगर शरीफ भी कई बार काम नहीं आते क्योंकि ज्यादा शरीफ होना भी कमजोरी का सबूत है। जब मजबूत हाथों में सरकारें रहती हैं तो तगड़े बनकर काम किया जाता है। आप किसी के

3.00 P.M.

कहने से फैसला न करो, अपनी सोच से तगड़े होकर काम करो, तो सिख कौम फख्र महसूस करेगी कि कोई प्राइम मिनिस्टर आया था जिस ने उन लोगों के साथ न्याय करवाया जिन के साथ ज्यादतियां हुई। उस ने कातिलों को सजा दिलवाई, जो मज़लूम फिर रहे हैं, उन को राहत दी, उन के आंसू पोंछे। इस से ज्यादा मैं कुछ नहीं कहना चाहता। बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. P.C. ALEXANDER (Maharashtra): Sir, ever since the Commission's Report was tabled in Parliament, we have been reading about expressions of disappointment not only from political personalities, but also from eminent jurists. Probably the five years' time that it took in bringing out the Report and the fact that Shri Nanavati had a high reputation as a founder of the Supreme Court had created a lot of expectations among the people about this Report. But the Report, when it came, disappointed many people, and disappointed, particularly, the Sikh Community which had been waiting for some redressal of the grievances and injustices they had suffered in the 1984 events. I should say, with due apologies to the Home Minister, that the Action Taken Report aggravated the disappointment. Even though the Government took six months to prepare the ATR, when it came to the notice of the people, they found that it was more disappointing than the Report itself. In fact, if the hon. Prime Minister had not taken the trouble of explaining to the Lok Sabha what he is planning to do, and if he had not taken the trouble of telling us in the Rajya Sabha today that some of the points raised in the Report would be very strongly acted upon, the ATR would have created much disappointment and even trouble for the whole country. To a very large extent, the Prime Minister's intervention, yesterday and today, has neutralised some of the bad effect of the ATR. I only wonder, as an old administrator, why those who prepared the original draft, did not take proper care usually taken before it is submitted to political levels? I leave it at that.

This morning, I listened to a statement by a very senior hon. Member of this House not even the very appointment of this Commission was not necessary, said that it was rushed through, and after the Question Hour, during the period known as the Zero Hour, it had been hastly agreed to. I choose to differ from him. I think, it has served a good purpose. If the feelings of the Sikh community, today, are somewhat assuaged, it is largely because of the fact that this Report has indicated certain action points. And, the Prime Minister has said that he will follow it up promptly. I will just mention three main issues which have been thrown up by this Report.

The first issue is the unequivocal statement in the Report that the carnage, which took place in the first week of November, 1984, was not just the result of a sudden outburst of anger or just the expression of an uncontrolled fury on the part of the people who could not reconcile themselves to the murder of a very highly respected and beloved Prime Minister. The Report says that could have been true in the initial stages, on the 31st of October and, probably, a few hours later, but very soon it had been taken over by those who had other designs. And this finding of the Commission is certainly a very damaging one. It shows that it was an organised effort on the part of some people. I do not have to describe the conclusions of the Report on that part of it. And I would earnestly request the Prime Minister and the Home Minister to give the utmost importance to these observations in the Report, and to show, by very quick action, that they have taken a serious note of this and those responsible for these misdeeds would be brought to book soon. The second issue raised in this Report, which should have deserved much better consideration than it had on the part of those who prepared the ATR, is regarding the police administration in our country. The statements in the administration report, a very brief report, speaks volumes. In fact, it is the greatest indictment that one can think of from a judge, who was heading a commission, about the state of affairs in the police today. I will just read that one sentence, "If the police had taken prompt and effect steps, very probably, so many lives would not have been lost and so many properties wou'd not have been looted, destroyed or burnt". To say that the inaction on the part of the police or negligence on the part of the police, which the Report very clearly brings out, has contributed to the loss of life, forget the loss of property, would ever linger in our mind till appropriate action is taken against these policemen. I can assure the hon. Minister that the mere fact that a person who has retired from service is no excuse for not proceeding against that person, if he was guilty of criminal conduct, disciplinary action may not be possible but if the criminality is proved in a court of law, that would be a compensation for those who are aggrieved. I would request the hon. Home Minister to consider, very seriously, a total revamp of the police administration in our country. We are still managing the police administration on the traditions that had been left behind by the British. Even though we have advanced so much in the prospective of our democracy, we are still continuing the old traditions, and that is why we find indifference, police brutality, police looking the other side when some

criminal acts are taking place in their presence. And much worse, the police is willingly playing to be tools in the hands of even *chhota netas* at the local level. The whole Police Department has to be revamped and this is the right opportunity for it. If I may venture to give a suggestion for consideration of the hon. Home Minister, you should now appoint a Police Commission. The old Dharamvira Commission was appointed about 30 years ago, and its Report has really become out of date. It is time to use this opportunity and come up with a good Police Commission. You are appointing so many commissions and committees and people have already started laughing and commenting about it. But, I would say that this Report provides an ideal opportunity for you to appoint some one of the status of Dharamvira. Find out someone of that status to head a commission and insist on a proper report for revamping the whole system.

The third point I would like to say is, the fall out from the Report and the comments about it and some lingering doubts in the minds of some people that there has been delay in calling the Army to help the police. Unfortunately, this confusion has been created by a senior functionary who was in-charge of administration in Delhi at that time. It is time that proper action is taken to clear this doubt. Unfortunatly, the person who made these observations has contradicted himself by three statements. This Report itself quotes this statement. First, he said that in the morning of November 1st, at 7.30 a.m., he instructed the Police Commissioner to call the Army. Let me make it very clear to everybody, through the courtesy of this House, that the Lieutenant Governor in a State like Delhi is the authority to call the Army. There is no need for him to get the approval from the Prime Minister, from the Home Minister from the Cabinet or anybody. He has the full power. He can choose the time, when he should call the Army and take the decision without informing anybody. He says, "He informed the Police Commissioner to call the Army at 7.30 a.m. If he had done that, he would have taken very early action to get the services of the Army to deal with the situation". But, at another place, in a statement he made to the Nanavati Commission, he said that I convened a meeting in the Prime Minister's Office. I invited the Home Minister, the Chief of the Army Staff, the Cabinet Secretary and the Home Secretary to discuss the issue of calling in the Army services. Sir, anybody who knows the abc of administration will know that a civil servant like me cannot invite a Cabinet Minister, and that too a Home Minister to come to my office to attend a

meeting, which he says, I presided-over [illegible] imagination and have created doubts in the [illegible] the Army at 7.30? Did he call the Army at [illegible] and [illegible] meeting which was to be presided-over by [illegible] the Home Minister of the country?

And the third confusing statement he has made is, he asked the Home Minister's approval for calling the Army. All these things have caused confusion. The plain fact is that he called the Army-probably, he complained, the response was not good-at 1.30 p.m. Unlike the gentlemen who said this, I maintained a very good diary, almost half-an-hour to half-an-hour what I had done while serving in some position in the Government. We went to Rajiv Gandhi, myself and the Cabinet Secretary, and told him "Whatever has happened, we are convinced that the Delhi Administration cannot handle the situation any further". He just asked, "What do you want me to do"? He just authorised us to use our authority to inform the Army that they should take over immediatly. Without wasting even half-a minute, he said, "Please go ahead". That is how the Army was called in. If he had called in the Army at 7.30 a.m. well and good, he has done his job. But if he found that the Army's response was not prompt, I do not believe in it. Then, he should have complained about it to the Home Secretary or to the Cabinet Secretary or to the Home Minister or, if necessary, to the Prime Minister. But, at any rate, by 1.30 p.m. the Prime Minister had authorised us and the Army was in position. By 3 o'clock, the Army had swung into action.

Therefore, the talk of delay in calling in the Army and the arguments which are going on, the motivation which have been behind some people for not doing action, all those things are out of order. I am only saying, Sir, these for the consideration of the Home Minister and, if possible, for his reply on these three issues. There should be some assurance from him and I will be grateful if he responds to these in his reply. Thank you.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, I am sure, you will be kind enough towards me because it is a very serious issue I would express a little confusion of mine to you on the Resolution that has been moved by Shri Rajnath Singhji wherein he has primarily sought modification of the Action Taken Report. Incidentally, from the assertion of the hon. Prime Minister in the Lok Sabha yesterday, and his reiteration of the same

today in this House, it is evident that the ATR has already been modified. I do not know what else are to be modified! It has already been thoroughly modified. And from the very utterances of the hon. Prime Minister, it appears to me that the present Government did not consider this ATR as a sacrosanct document that cannot be amended. Rather, it has been promptly amended and it has also been declared. So, what was holding good yesterday in the morning, that did not hold good today morning in the House. So, I am sure that Shri Rajnath Singh, when he would be concluding the debate, would certainly clarify this as to what other modifications he sought, and why it should be discussed under rule 168, resulting into rule 170 and a consequent voting. I am in a little confusion and, I am sure, my colleague would clear this confusion of mine.

Sir, of course, I need not re-describe the gory or the frenzy of the genocide that took place in 1984, a very unfortunate incident. The re-describing of that in this House, at the moment, would unnecessarily remind the people who could somehow forget, the pain of their lives, what cannot be foregotten as such. Some colleagues of mine told me that for hundreds of years it would be remembered. Yes, I also feel so. But it is no use instigating passion; it has been very clearly enunciated by the hon. Prime Minister that we have to understand that we cannot redo the past, we can re-write the future.Considering the re-writing of the future, while considering to rebuild the future of the nation, I would say-I do not know how it would be intellectually perceived by some of my colleagues or some people; leave aside the question of understanding this-that in this poor country of ours, the democratisation of the mind did not take place. Over a period of 57 years, the attention of the Government could not be drawn to this core issue; Democratisation of the mind must take place. Leave aside the question of bourgeoisation of mind; democratisation did not take place. It is simply the vestiges of feudalism that many are carrying. That is why we have terms for particular sections of the society, that he belongs to this community, he belongs to that community, to judge people on the basis of caste, creed and also religion; thereby we make open the situation where this sort of unfortunate incidents take place.

So, Sir, my appeal to the present Government is that a scientific development of society should be there. The scientific development of society was dreamt by the freedom fighters of the country who laid down their lives, who had given up their lives in the gallows of British imperialism.

They dreamt of a scientific society to be developed. Even Pandit Jawaharlal Nehru also dreamt of a scientific society, that a scientific society must develop Democratisation of mind must be there. People must not hang around the old vestiges, of feudalism. But unfortunately, the plannings of the Government, particularly at the grass-root level, did not take that recourse. Naturally, the situation even as on today is so unfortunate that even in the 21st century we have to experience the carnage of Gujarat, the mass genocide of Gujarat. We have to experience it, Sir. We have to experience the very unfortunate incidents of 1984 in the city of Delhi or else where. Only excepting my ...*(Interruptions)*...

श्री जयन्ती लाल बरोट (गुजरात) : देखिए आज भी आप गुजरात का नाम लेते हैं,(व्यवधान)...

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Please sit down ..*(Interruptions)*... What hurt you? ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: देखिए, आप क्यों उठ गए? (व्यवधान).. आप बैठ जाइए (व्यवधान)... आप उन्हें उनकी बात बोल लेने दीजिए (व्यवधान)...

श्री जयन्ती लाल बरोट: आज भी आप गुजरात का नाम लेते हो, (व्यवधान)... पश्चिमी बंगाल में भी हमेशा ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। (व्यवधान)...

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, unfortunately, the intellectual comprehension of Members I cannot doubt. However, I do doubt it. In this House. I cannot doubt the intellectual capacity of the people; otherwise, I would have doubted it. Some of the Members do not understand what I am speaking. They unnecessarily react. I have not said any bad word about Gujarat. I have not said all Gujaratis are communal like them ...*(Interruptions)*...I have only said that, unfortunate incidents like Gujarat or Delhi may recur unless we perceive this inter relation. That is the problem, Sir. That is the problem what I am pointing out. Somebody has become a leader without the democratisation of mind. ...*(Interruptions)*...What is this?

श्री नारायण सिंह केसरी (मध्य प्रदेश) : महोदय, हम यह कहना चाहते हैं कि पश्चिमी बंगाल ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: क्या है यह? (व्यवधान)...आप बैठ जाइए (व्यवधान)... उनको बोलने का हक है, इसलिए आप बैठ जाइए (व्यवधान)... आप उनको कोई डायरेक्शन नहीं दे सकते (व्यवधान)...

श्री नारायण सिंह केसरी: महोदय, मेरा प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर है (व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप रूल को कोट करिए। (व्यवधान)... What is your point of order?

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I reiterate with all force at my command that this is their psyche. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)...

श्री रुद्रनारायण पाणि.*

श्री उपसभापति: पाणि साहब मैं कह रहा हूं कि आप बैठ जाइए। क्या आपको कछ डिसिप्लिन मालूम है ...(व्यवधान)... क्या आपने रूल्स को पढ़ा है या मैं आपकों रूल्स की एक कॉपी भेजूं?

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I am sorry, I did not like to instigate them. I have no intention of instigating them. ...(*Interruptions*)...

श्री नारायण सिंह केसरी: महोदय, हम यह कहना चाहते हैं कि पश्चिमी बंगाल ...(व्यवधान)...।

श्री उपसभापति: आप मेहरबानी करके बैठ जाइए ...(व्यवधान)... आप रूल्स को फॉलो कीजिए ...(व्यवधान)... यह सही बात नहीं है ...(व्यवधान)...।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I am sorry, I did not like to instigate them. I have no intention of instigating them. ...(*Interruptions*)...

श्री नारायण सिंह केसरी: महोदय, गुजरात (व्यवधान)...

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Mishraji, you are a conscious person. I have got very high respect for you. ...(*Interruptions*)... Kindly look at it. Sir, I will say and I will repeat. ...(*Interruptions*)...

श्री उपसभापति: मैं आपसे कह रहा हूं कि यह सही बात नहीं है ...(व्यवधान)...। देखिए आप लिमिट से बाहर जा रहे हैं ...(व्यवधान)...।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Unfortunately, this is their psyche which is responsible for this sort of incidents. I will say, Sir, that whatever has happened in 1984 is very unfortunate and that long after 21 years all the accused could not be brought to book. I do not say that the Nanavati Commission Report has recommended everything in a right way, as it should have. The expectation about the Nanavati Commission is also belied.

*Not recorded.

But, Sir, we must remember that ten Commissions and Committees were there. They have also given so many recommendations. Now it is left to the Government of the day that they must see that all the accused are brought to book. This is number one. Secondly, I am sorry to say that none of the Members has pointed out that some rehabilitation colonies were constructed after 1984 for those who lost their houses or for whose houses were gutted. I have seen mself particularly the west Tilak Vihar colony. (*Time-bell rings*) Kindly allow me time because I was interrupted by my collegues. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude, Mr. Bhattacharya.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, the Tilak Vihar DDA flats, which were allotted to the victims, those flats, are virtually in a dilapidated condition. So, we want that a proper resettlement not only should be planned but it should also be maintained. There should be resettlement of the Sikhs who were on the receiving end in 1984 for three to four days together. I must say that everywhere it took excepting only in Kolkata. I remember very distinctly that we had taken adequate measures so that no such situation can happen or occur in West Bengal. In West bengal, I must once again say that people in West Bengal have developed a different psyche. We are working for that. We do not say that we have achieved everything. We are working in that direction. Sir, the centrifugal force which is exerting today is disintegrating the people.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Kindly conclude.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I will conclude. Kindly bear with me for some time because I was interrupted. The strong centrifugal force that is exerted by different vested interests is to be combated with. The Government must show its political will without any bias. Without any bias the Government must show its political will, whether they belong to the Congress Party, whether they belong to the BJP, whether they belong to the RSS, whether they belong to my part, even RSP. I must say that national integrity is the first. Humanism is number one. Humanism and national integrity, accordingly is number one. I don't consider the genocide of the Sikhs. It was genocide of the human being. It was an act against human interest. I was gory. it was an act against humanism and I am sure the Government of this day must stand with a serius political will to defend

humanity and to defend humanity what the hon. Prime Minister has said that he has remembered Mahatma Gandhiji, the tears of all the people must be wiped out. The Government, I am sure are in a position to take a political pledge.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: please conclude.

SHRI MANOJ BHATTCHARYA: I am just concluding. I also say, even though the rehabilitation also concerns the employment of the people who have been killed, the kith and kin of the people who have been killed. You should see that Government employment is given to them. Government employment must be planned accordingly so that the people who have suffered, the families who have suffered may lead a dignified life. Unless you bring them to the mainstream of the nation, we shall not be able to continue to dream of a better nation as on today. Thank you, very much, Sir.

श्री देवव्रत बिस्वास (पश्चिमी बंगाल): महोदय हमको सदन में ज्यादा समय नहीं मिल पाता है और चूंकि हमारी पार्टी का एक ही सदस्य है इसलिए दिल तो तड़पता है बहुत कुछ बोलने के लिए, लेकिन सदन में हमको कभी ज्यादा समय नहीं मिलता है। फिर भी जिस विषय पर आज चर्चा हो रही है, इसके ऊपर दिल की बात कहने के लिए खड़ा हुआ हूं, जो आज इस सदन के हर, एक सदस्य का, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो और हिन्दुस्तान के सभी लोगों के दिल का बात है, वे सभी लोग सुन रहे हैं। नानावती कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद 1984 के उस काला समय को, काला दिन को वे लोग याद करते है। क्योंकि दोबारा यादगार उनके सामने आ गई। उस समय के हमारी माताओं और बहनों की आंखों के आंसू और उनका रोना और उस समय दिल्ली और हिन्दुस्तान की अन्य कुछ जगहों पर जो आग जल रही थी, वह आज भी हम लोगों के सामने है। हम उसके लिए सब लोग दुखी है।, लज्जित हैं तथा हमारे देश के लिए यह शर्म की बात है। इसके साथ हम अपने को भी शामिल करना चाहते हैं।

[उपसभाध्यक्ष (श्री दता मेघे) पीठासीन हुए]

हम यह जरूर कहेंगे कि कभी-कभी ऐसा समय आता है जिस समय पार्टी को और पार्टी के जो शीर्ष नेता होते हैं और राष्ट्र के जो प्रधान होते हैं, उन लोगों को इतिहास में अगर कोई गलती हुई है, तो उस गलती से सबक लेकर के उसको सुधारने की कोशिश करनी चाहिए तथा उस कोशिश को करना, उस गलती को याद करना, उस गलती को मान लेना कोई गुनाह नहीं है, यह बड़प्पन है। उपसभाध्यक्ष जी, यह समय कभी-कभी आता है। इतिहास उसी का याद रखता है जो पार्टी की गलती को सुधारने के लिए कदम उठाते हैं। महोदय, हम नानावटी कमीशन की जो रिपोर्ट है, उसके

जो कानूनी पहलू हैं और सरकार की जो कार्यवाही रिपोर्ट आई है, उसमें हम नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि हम यह जरूर बोलेंगे कि कल दूसरे सदन में और आज इस सदन में प्रधान मंत्री जी ने नानावटी कमीशन की रिपोर्ट नहीं, कार्यवाही रिपोर्ट नहीं, उन्होंने 1984 की घटना की गहराई में जाकर के, उसका जो असली इतिहास है, तो सिख भाइयों का दर्द है, जिसकी वजह से हमारे देश की एकता के ऊपर, हिन्दु-मुस्लिम-सिख-ईसाई की एकता के ऊपर धक्का लगा है, उसकी गहराई में गये। उन्होंने नानावटी कमीशन और उसकी एटीआर के संबंध में जो वायदे दूसरे सदन में और यहां पर किये हैं, इसकी हम सराहना करते हैं। He is praiseworthy for this. हम यह उम्मीद करेंगे कि प्रधान मंत्री जी अपने सिद्धान्तों के ऊपर खड़े रहेंगे। यह कोई मामूली बात नहीं हैं। हिन्दुस्तान में यह एक इतिहास हो गया, एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा और जिन लोगों के नाम हैं, उनके ऊपर दोबारा कार्यवाही होगी, यह मुझे उम्मीद है। इसके लिए जो उनको कड़ी सजा मिलनी चाहिए, वह भी मिलनी चाहिए।

इसी संदर्भ में हम कुछ और बातें सदन के समाने चाहते हैं। किसी जगह पर कोई घटना घटी, चाहे वह 1984 की घटना हो, चाहे वह गुजरात की घटना हो, चाहे वह भागलपुर की घटना हो, चाहे वह कानपुर की घटना हो, जहां कहीं भी हो, अगर इसको देखा जाये तो Police administration and the system of the Government not in favour of victims, rather they instigated and extended their support to those who are creating this trouble. जो लोग लोगों के घर जला रहे हैं, लोगों को मार रहे हैं, उनके पीछे पुलिस खड़ी हो जाती है, पुलिस उनकी मदद करती है, लेकिन अपराध करने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है। इसी कारण जो लोग ऐसे कृत्य करते हैं, चाहे जो भी पार्टी हो, किसी भी पार्टी की नीति यह नहीं हो सकती है कि लोगों का कत्ले-आम हो, लोगों के घर जला दिये जायें। लेकिन कभी, किसी किसी समय एडमिनिस्ट्रेशन को इसके बारे में जो व्यवस्था करनी चाहिए, जो कदम उठाने चाहिये, वे कदम नहीं उठाये जाते हैं। इसके लिए हमको बीस साल इंतजार करना पड़ेगा। जब कमीशन की रिपोर्ट आयेगी तब पता करेंगे कि कौन पुलिस ऑफीसर, कौन अधिकारी उसके लिए जिम्मेदार थे, उनके विरुद्ध हम कार्यवाही करेंगे। क्यों हमें कमीशन की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ता है? जो लोग उस समय थे, सरकार में प्रशासन में जो लोग थे, उन्होंने क्यों इसके बारे में कार्यवाही नहीं की और कब तक हमें कार्यवाही करने के लिए कमीशन की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ेगा? इसके लिए हम जरूर प्रधान मंत्री जी से निवेदन करेंगे। प्रधानमंत्री जी आज आप सरकार चला रहे हैं। नानावटी कमीशन की रिपोर्ट आई है, जो 1984 की दुखद घटना के संबंध में है, जो मानवता की हत्या हुई है, इसको समाने रखते हुए, आपने एक मिसाल रखी है। हिन्दुस्तान के किसी कोने में लोगों की इस तरह से हत्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए आपको व्यवस्था करनी चाहिए।

मेरी दूसरी बात है। आदरणीय राजनाथ सिंह जी, जो मोशन लाये हैं, हम जरूर उनसे एक प्रश्न पूछेंगे। नानावटी कमीशन का गठन हुआ और इसकी रिपोर्ट आने से पहले, इस सरकार के आने से पहले, पिछले पांच साल में आपकी सरकार थी, इस दौरान कौन-सी रुकावट आपके सामने थी? जिसके कारण पांच साल 84 के दंगों के लिए जो कार्यवाही करनी चाहिए थी, वह कार्यवाही नहीं हो पायी, क्यों नहीं हुई?

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्ता मेघे): आपका समय हो गया है।

श्री देवव्रत बिस्वास: इसके लिए क्या रुकावट थी, क्या प्रतिबंध था, क्या आपके सामने रुकावट थी? क्या आपको यह जानकारी नहीं थी कि 84 के दंगे में किन लोगों का घर जला है, कौन लोग बेघर हुए है, किस मां या बहन की मांग का सिंदूर मिट गया? उनकी प्रॉपर रीहैब्लीटेशन की व्यवस्था पांच साल में क्यों नहीं हुई? क्या उसके लिए आपको नानावटी कमीशन की जरूरत है? क्या आप नहीं जानते हैं कि दिल्ली में किसका घर चला गया, कौन बेघर हो गए, किसकी मांग का सिंदूर मिट गया? क्या उनके रीहैब्लीटेशन के लिए हमें कमीशन की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ेगा? यह जवाब हम जरूर चाहेंगे क्योंकि अकाली दल के दोस्त लोग हैं, आप जानते हैं कि हम जिस पार्टी से आते हैं-नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की स्थापित पार्टी-उसके साथ हमारे देश के सिखों का एक अलग ताल्लुक है। हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई में सिखों की कुर्बानी हम लोग नहीं भूल सकते हैं और सिखों के साथ जो घटना घटी, वह शर्मनाक है, लेकिन सिर्फ वहीं हिन्दुस्तान का इतिहास नहीं हैं उसका एक दूसरा पहलू भी आपको समझना पड़ेगा। जिस समय यहां समाज जल रहा था ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री दत्ता मेघे): आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री देवव्रत बिस्वास: उसी समय कोलकाता में लाखों लोग रास्ते में निकले ...(व्यवधान)... लाखों लोगों ने रास्ते में निकलकर जलूस निकाला। हिन्दुस्तान में हर जगह यह परिस्थिति नहीं थी, हिन्दुस्तान में हर जगह लोग सिखों के साथ खड़े रहकर उनकी जान-मान की रक्षा के लिए खड़े हुए थे। यह भी एक इतिहास है। यह छवि दुनिया में नहीं जानी चाहिए, इतिहास में नानावटी कमीशन के माध्यम से यही रिकॉर्ड में नहीं आना चाहिए कि यही एक पहलू है-सिर्फ आग, सिर्फ कत्ल लोगों की, मानवता की हत्या हुई है-ऐसा नहीं है। मानवता भी है। हमारे देश में सिखों के साथ खड़े होकर उनकी जान-माल की रक्षा करने करने के लिए भी लोग खड़े हुए थे। हम वह इंसान हैं, उस समय हमारे ये बाल नहीं पके थे, उस समय कोलकाता के रास्ते पर हम लोग ज्योति बाबू के नेतृत्व में लाखों को लेकर निकले थे, पश्चिमी बंगाल में किसी जगह पर ऐसी घटना नहीं घटी थी। ऐसा बहुत सी जगह हुआ था। इसलिए यह भी एक पहलु है। इसको भी हम लोगों को जरूर नजर में रखना चाहिए। इतिहास में नानावती कमीशन के माध्यम से जो काली तस्वीर रखी गयी है, जो शर्मनाक

तस्वीर रखी गयी है, केवल वही एक तस्वीर नहीं है, दूसरा भी हिस्सा है। वह दूसरा पहलू है, इसीलिए हिन्दुस्तान है और इसीलिए हिन्दुस्तान में कौम के नाम पर, जाति के नाम पर जितना भी भड़काने की कोशिश की जाए, फिर भी हिन्दुस्तान एक है और हम लोग एक साथ रहेंगे। इसके लिए आज प्रधानमंत्री जी को हम फिर से कहना चाहेंगे कि प्रधानमंत्री जी, आपको इतिहास की कसौटी में खड़ा होना पड़ेगा। इतिहास के सामने आपको खड़ा होना पड़ेगा जिससे लोगो के सामने एक मिसाल कायम हो सके और भविष्य में ऐसी कोई घटना न घट सके। इसी के साथ अपनी बात समाप्त करते हुए हम दुबारा यह कहना चाहते हैं कि यहां गृह मंत्री जी बैठे हैं, एटीआर बनाने में जो आप लोगों ने कमजोरी दिखायी है, उस कमजोरी को भूल करके जो खड़े हुए हैं, वही आपकी ताकत है, उससे आपकी ताकत घटेगी नहीं। आप ताकत लेकर खड़े होकर उसके ऊपर कार्यवाही करेंगे, इसी उम्मीद के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM (Tamil Tadu): Sir, whenever a Commission's Report, like this, is discussed, questions are posed about the credibility of both the Commission and its report. Public feels that such commissions are politically appointed, therefore, they make a political target, and it is for political mudslinging that such commissions are appointed. This is also proved by the behaviour of the Commission and, sometimes, by the conduct of the presiding officers. Some of the judges, after retirement, live merely on such commissions. They take, at times, one or two commissions simultaneously and handle those commissions. Sir, the former Chief Justice of India, sometime back, said, "Twenty per cent of the judicial officers in the higher judiciary are corrupt." And this speaks volums. Many out of the remaining 80 per cent are also not above board. A section of the Judiciary is self-centred, publicity-oriented, and the treatment given to members of subordinate judiciary is really pitiable. Only such people occupy these commissions. They head commissions and give such reports. Sir, the present Commission ...(*Interruptions*)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I am sorry...(*Interruptions*)... Sweeping allegations against the Judiciary should not be allowed. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: This is my view. (*Interruptions*)...

SHRI ARUN SHOURIE (Uttar Pradesh): What about the Commission set up now?. (*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, the present Commission has

also given a bouquet to those who have appointed it. I say this because of the conduct of these people who have appointed it. Sir, I name this Party, specificaly, the Bharatiya Janata Party ...(*Interruptions*)... whose past conduct ...(*Interruptions*)... Sir, how were they behving when such incidents took place? What were they doing when their own enactment, like the POTA was being misused? What were they doing when religious places were destroyed? Sir, there are a number of incidents. That is why, I say, there is a motive behind such appointments; and we have to take the Report with a pinch of salt.

But, I sympathise with the victims. Sir, we, the DMK, condemn the attack on a particular community, namely, the Sikh community. This is not the only occasion when such a community is particularly targeted and attacked. Sir, those persons, who have instigated this attack, and those culprits who are involved must be brought to book. We have no doubt about it. There are no two opinions about it. Sir, similar incidents had happened earlier. When a judgement, in a particular case, was not in favour of a leader of a political party, some students were burnt and a bus was burnt. ...(*Interruptions*)... This happened in Tamil Nadu. ...(*Interruptions*)... I only expect the BJP ...(*Interruptions*)...

SHRI THANGA TAMIL SELVAN (Tamil Nadu): Sir, this is a pending case. ...(*Interruptions*)... This is not relevant to the topic. ...(*Interruptions*)... This is a pending case. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DATTA MEGHE): Please speak on the Navavati Commission Report. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, a similar situation arose... ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DATTA MEGHE): Please speak on the Nanavati Commission. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Certain people were burnt alive. ...(*Interruptions*)... These incidents happened in Tamil Nadu and we must condemn them. ...(*Interruptions*)...

SHRI N. JOTHI: Sir, this should be expunged. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Not only that, the cases of ...(*Interruptions*)... were interfered with, and, therefore, the High Court transferred the prosecution. ...(*Interruptions*)... This is the background.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DATA MEGHE): Please speak on the Nanavati Commission Report ...(*Interruptions*)...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Therefore, I expect the BJP to condemn the attack. ...(*Interruptions*)... With these words I conclude. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI S.G. INDIRA (Tamil Nadu): Sir, this is their habit. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DATTA MEGHE): Mr. Shunmugasundaram, have you finished your speech?

SHRI N. JOTHI: He has already finished his speech. ...(*Interruptions*)... I appeal, Sir, his speech may be expunged. ...(*Interruptions*)... Except his name, other things may be expunged. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DATTA MEGHE): Okay, Shri Abu Asim Azmi. ...(*Interruptions*)...

